

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 7 मार्च 2024 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-338 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 8 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### बिलासपुर तीन नगरीय निकायों में कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त

**बिलासपुर,7 मार्च।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने तीन नगरीय निकायों में अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी अलग-अलग आदेश के अनुसार बिलासपुर जिले के तखतपुर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-13 की पार्षद अमरीका कृष्ण कुमार साहू को तखतपुर नगर पालिका का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य शासन द्वारा बेमेतरा जिले के मारो नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-15 के पार्षद धनलाल देशलहरे को मारो नगर पंचायत का और मुंगेली जिले के सरगांव नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-5 के पार्षद परमानंद साहू को सरगांव नगर पंचायत का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।राज्य शासन ने तीनों नगरीय निकायों में वर्तमान अध्यक्षों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद अध्यक्ष के रिक्त पदों की जानकारी देते हुए नए अध्यक्षों के निर्वाचन के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है।

### डॉक्टर को कार ने मारी टक्कर

**रायपुर,7 मार्च।** मरीन ड्राइव के पास एक डॉक्टर, उनकी पत्नी और बच्चे को कार से ठोकर मारने का मामला सामने आया है. जानकारी के मुताबिक खाना खाकर डॉक्टर अपनी पत्नी और बच्चे के साथ वॉक पर निकले थे. सूत्रों के मुताबिक ये हादसा डॉ अनीस मेमन के साथ हुआ है और उन्हें लालपुर स्थित श्री रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. सूत्रों के मुताबिक उनकी पत्नी को ज्यादा फ्रैक्चर आए है. गनिमत ये रही कि उनके बच्चे को ज्यादा चोटें नहीं आई है. अस्पताल में तीनों का इलाज जारी है. मरीन ड्राइव इलाके में तेज रफ्तार कार और बाइक का कहर कोई नई बात नहीं है. वहां आए दिन रात के वक्त बाईक से रेसिंग करते हुए भी युवाओं को देखा जा सकता है. हालांकि ये स्पष्ट नहीं हो सकता है कि पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है या वो फरार हो गया है.

### पंजाब पुलिस ने पकड़े दो आतंकवादी

**चंडीगढ़,7 मार्च।** पंजाब पुलिस ने कहा कि उसने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकी मॉड्यूल के दो सदस्यों की गिरफ्तारी के साथ संभावित लक्षित हत्याओं को रोक दिया है। ऑपरेशन खुफिया इनपुट पर आधारित था। खुफिया ऑपरेशन में इन दोनों आतंकियों के पास से दो पिस्तौल, चार मैगजीन और 30 कारतूस बरामद किया गया है। एक ऑपरेशन में पंजाब पुलिस ने घोषणा की कि उन्होंने बब्बर खालसा इंटरनेशनल समर्थित आतंकवादी समूह से जुड़े दो व्यक्तियों को पकड़कर संभावित लक्षित हत्याओं को सफलतापूर्वक रोका है। मॉड्यूल का संचालन यूएसए स्थित हरप्रीत सिंह हैप्पी पासियन द्वारा किया जाता था, जो पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा का करीबी सहयोगी था।





## कुल्हाड़ी मारकर दादी-पोती की हत्या

**भिलाई,7 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

पुलगांव थाना क्षेत्र में डबल मर्डर से सनसनी फैल गई। यहां के गनियारी गांव के एक घर में बुजुर्ग महिला व युवती की खून से लथपथ शव मिले। दोनों रिश्ते में दादी-पोती बताए जा रहे हैं। बुधवार देर रात की यह घटना बताई जा रही है। घटना के समय दोनों घर पर अकेले थे। गुरुवार की आज सुबह परिजन जब घर पहुंचे तो इसका खुलासा हुआ एसपी जितेंद्र शुक्ला के साथ पुलगांव पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी पुलिस ने बताया कि पुलगांव गनियारी गांव में बुधवार देर रात दादी और पोती की कुल्हाड़ी से वारकर हत्या कर दी गई। गनियारी गांव में राजबती साहू (62) और उसकी पोती सविता साहू (19) दोनों साथ रहते थे। उनके परिवार का गांव में ही अलग-अलग चार घर है। सुविधा के अनुसार परिवार के लोग अलग-अलग घरों में रहते हैं। हताहत परिवार खेती किसानी करता है। सविता 11वीं कक्षा में पढ़ती थी। एक घर में राजबती और उसकी पोती सविता साहू सो रहे थे।बुधवार देर रात अज्ञात ने दोनों की कुल्हाड़ी से वारकर हत्या कर दी। दोनों के सिर पर वार किया गया है और ज्यादा खून बहने से उनकी मौत हो जाना प्रतीत हो रहा है। सविता का शव कमरे में नीचे फर्श पर और राजबती का शव बरामदे में पड़ा मिला। गांव में ही दूसरे घर पर रहने वाले परिजन जब गुरुवार को घर पहुंचे तो उन्हें दोनों की लाशें दिखी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद जिले के एसपी जितेन्द्र शुक्ला सहित पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड ने भी घटना स्थल का मुआयना किया फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है

## शिवधाम में मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर्व

**रायपुर,7 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**



ग्राम तुलसी स्थित शिवधाम में 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। शिवधाम में इस वर्ष की महाशिवरात्रि विशेष है क्योंकि यहां एक दिन पूर्व ही छः मार्च को पारद शिवलिंग की प्रतिष्ठा की गई है। खारुन नदी के किनारे ग्राम तुलसी में निर्मित विशाल व भव्य मंदिर के भूतल में 108 किलो पारा से निर्मित शिवलिंग की स्थापना की गई है। प्रथम तल में विशाल शिवलिंग पूर्व से ही प्राण प्रतिष्ठित है। महाशिवरात्रि पर यहां पूरे दिन शिवभक्तों का तांता लगा रहेगा। शिवलिंग का विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। यहां अभिषेक करने दूर-दूर से शिवभक्त आते हैं। भाले भंडारी यहां अघोश्वर के रूप में हैं। पारद शिवलिंग का दर्शन अत्यंत लाभकारी होता है। महाशिवरात्रि का पर्व राजधानी के सभी शिवालयों में मनाया जाएगा। प्राचीन बूढ़ेश्वर मंदिर की विशेष साज-सज्जा की गई है। यहां शिवलिंग का धतूरा व बेलपत्रों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

## दिल्ली जंग के लिए जा रहे हैं क्या आपके नेताओं को जेल भेजना चाहिए

### प्रदर्शनकारी किसानों पर भड़का हाईकोर्ट

**चंडीगढ़,7 मार्च।** बच्चों को ढाल के रूप में इस्तेमाल करने को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने आंदोलनकारी किसान नेताओं को खूब फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि बच्चों को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है! यह शर्मनाक है, बिल्कुल शर्मनाक है। एसीजे जीएस संधवालिया और न्यायमूर्ति लपीता बनर्जी की खंडपीठ ने सवाल पूछते हुए कहा कि क्या आप दिल्ली में जंग के लिए जा रहे हैं। इस तरह की तैयारी करके जाने की क्या जरूरत है। निर्दोष लोगों को आगे करना ठीक नहीं है। पीठ ने कहा कि आपके नेताओं को जेल भेजना चाहिए। बच्चों की आड़ में प्रदर्शन करना शर्मनाक है। आप जो कर रहे हैं, वह पंजाब की संस्कृति नहीं है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने किसान आंदोलनकारियों से कहा कि यह एक युद्ध जैसी स्थिति है। उन्होंने (प्रदर्शनकारियों ने) ऐसी स्थिति पैदा की। बाद में कहते हैं कि महिलाएं और बच्चे घायल हो गए। अदालत का यह रिएक्शन हरियाणा सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील द्वारा विरोध प्रदर्शन की कई तस्वीरें दिखाए जाने के बाद आया। अदालत ने कहा, आप किस तरह के माता-पिता हैं।÷ अदालत ने आंदोलन को शांतिपूर्वक बताने वाले वकीलों को फटकारते हुए कहा कि यहां खड़े हो कर बोलना बहुत आसान है। कोर्ट ने वकीलों से पटियाला की घटना याद दिलाई। पीठ ने कहा कि वहां एक पुलिस अधिकारी का हाथ काट दिया गया था। हाथों में तलवार लेकर शांतिपूर्वक प्रोटेस्ट कौन करता है? इसके अलावा, उच्च न्यायालय ने अपनी जिम्मेदारियों को ठीक से पूरा करने में विफल रहने के लिए पंजाब और हरियाणा सरकारों को भी कड़ी फटकार लगाई। उच्च न्यायालय ने हरियाणा सरकार से भी पूछा कि उसने 21 फरवरी को प्रदर्शनकारियों पर गोलियां क्यों चलाईं, इसका औचित्य बताएं। 21 फरवरी को विरोध हिंसक हो गया, जिससे बठिंडा जिले के 22 वर्षीय किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई था। जवाब में हरियाणा सरकार के वकील ने कहा कि स्थिति हिंसक हो गई थी जिससे पुलिस बल को वाटर कैनन, लाठीचार्ज, पेलेट और रबर की गोलियों का इस्तेमाल करना पड़ा। सरकार ने दावा किया कि 15 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। कोर्ट ने कहा कि किसान शुभकरण की मौत की जांच हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अगुवाई में होगी। इसके लिए 3 मेंबरों की समिति बनाई जाएगी।

## कन्या आवासीय विद्यालय में आग,मासूम की मौत



**बीजापुर,7 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जगदलपुर बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में फिर बड़ा हादसा हो गया। वहां स्थित आवासीय गर्ल्स हॉस्टल पोटा केबिन में बीती देर रात भीषण आग लग गई। उस समय सभी छात्राएं सो रही थीं, जो आग की तपिश महसूस होते ही जाग गईं और उन्होंने भागकर जान बचाई। आग से पूरा हॉस्टल और छात्राओं का सामान जलकर खाक हो गया है। इस भीषण आगजनी मे विद्यालय परिसर मे सोई एक मासूम बालिका लिप्सा उईका की दर्दनाक मौत हो गई है बताया गया है कि बालिका अपनी बुआ के साथ वही रहती थी इस घटना के दौरान बालिका की बुआ बाथरूम गई हुई थी जिससे बालिका को बचाया नहीं जा सका. मिली जानकारी के अनुसार आवसीय पोटा केबिन में 350 छात्राएं रहकर पढ़ाई करती हैं। बुधवार 7 मार्च की देर रात ये छात्राएं भोजन करने और कुछ देर तक कोर्स की किताबों का अध्ययन एवं होम वर्क पूरा करने के बाद अपने अपने बेड पर सोने चली गईं। जब ये छात्राएं गहरी नींद में थीं, तभी हॉस्टल पोटा केबिन में आग लग गई। आग तेजी से पूरे भवन में फैल गई। आग की तपन महसूस होने पर कुछ छात्राओं की नींद खुल गई। आग की लपटें देखकर उन छात्राओं ने चीख पुकार मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर सभी छात्राएं उठ गईं और उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। सभी छात्राएं हॉस्टल से बाहर निकलकर सुरक्षित दूरी पर चली गईं और मदद के लिए शोर मचाने लगीं। उनकी आवाज सुनकर हॉस्टल के कर्मचारी और आसपास रहने वाले ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सभी ने यहां वहां से पानी लाकर आग बुझाने की कोशिश की, मगर आग इतनी तीव्र थी कि कर्मचारी और ग्रामीण भी कुछ नहीं कर पाए। आग ने पूरी पोटा केबिन को जद में ले लिया और पूरी तरह से खाक कर दिया। बाद में सभी छात्राओं को रेस्क्यू कर जीबीवी केबिन में शिफ्ट किया गया। पूरी पोटा केबिन जलकर खाक हो गई है। वहीं वहां रहकर अध्यनरत लिपाक्षी नामक छात्रा के लापता होने की खबर है। यह पोटा केबिन बीजापुर जिले के आवापल्ली थानाक्षेत्र अंतर्गत चिंताकोंटा में स्थित है और आदिम जाति कल्याण एवं विकास विभाग द्वारा संचालित है। यहां रहने वाली छात्राएं अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग की हैं। वहीं दूसरी ओर लापता छात्रा लिपक्षी की खोजबीन की जा रही है। अधिकांश छात्राओं के परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। लापता छात्रा लिपाक्षी के भी पहुंचने की खबर है। वहीं छात्राएं जान बचाने के फेर में अपने कपड़े लत्ते, पुस्तक कॉपियां और दीगर जरूरी सामानों को निकाल नहीं पाई। यह सारे सामान भी जल गए हैं। अग्नि दुर्घटना की खबर मिलते ही मौके पर बीजापुर के एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी, टीएमसी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक पहुंच गए हैं।

## सीएसआर मद से सोलर पैनल लगाए जाने में गड़बड़ी

### भाजपा विधायक ने रायगढ़ कलेक्टर को लिखा पत्र

**रायपुर,7मार्च।** भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने रायगढ़ जिले के आदिवासी छात्रावासों में सीएसआर मद से लगाये जा रहे सोलर पैनल में अनियमितता की आशंका व्यक्त की है. उन्होंने रायगढ़ कलेक्टर को पत्र लिखकर शिकायतों की बिंदुवार जांच कराने कहा है. कलेक्टर को लिखे पत्र में विधायक मिश्रा ने बताया कि जिले के 16 आदिवासी छात्रावासों में सीएसआर मद से सोलर पैनल लगाने का काम आईडीबीआई बैंक के माध्यम से कराया जा रहा है, लेकिन इस कार्य में लापरवाही तथा भ्रष्टाचार की शिकायतें भी मिल रही है. विधायक के मुताबिक सोलर पैनल लगाने के लिए बैंक द्वारा निर्धारित शासकीय मापदंडों का पालन, एजेंसी तथा वेंडर की जानकारी एवं प्राक्कलन रिपोर्ट पर संदेह व्यक्त किया गया है, जिस पर बिंदुवार जांच कर स्वयं को अवगत कराने पत्र लिखा है. दरअसल, जिले में निजी बैंक सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं से अपना पल्ला झाड़ते हुऐ केवल सरकार की भारी भरकम राशि को जमा कराने में ही रूचि दिखा रहे हैं.

## जेएण्डके एक क्षेत्र नहीं, देश का मस्तक है: मोदी

**श्रीनगर,7 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई विकास परियोजनाओं का अनावरण किया और अनुच्छेद 370 के प्रावधानों के हटने के बाद कश्मीर की अपनी पहली यात्रा के दौरान श्रीनगर में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। अपने संबोधन की शुरूआत में मोदी ने कहा कि धरती के स्वर्ग पर आने का ये अहसास ये अनुभूति शब्दों से परे है। उन्होंने कहा कि प्रकृति का ये अनुपम स्वरूप, ये हवा, ये वादियां, ये वातावरण और उसके साथ आप कश्मीरी भाई-बहनों के इतने प्यार के लिए मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं।



मोदी ने कहा कि मुझे बताया गया है कि 285 ब्लॉकों से 1 लाख लोग वर्चुअली हमसे जुड़े हैं। मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। यह वह नया जम्मू-कश्मीर है जिसका हम दशकों से इंतजार कर रहे थे। यह वह नया जम्मू-कश्मीर है जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस नए जम्मू कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौंसला है। उन्होंने कहा कि आपके प्रसन्न चेहरों को देखकर देश भर के 140 करोड़ लोगों को संतुष्टि महसूस हो रही है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 के बाद जब भी मैं यहां आया हूं, मैंने हमेशा कहा है कि मैं आपका दिल जीतने के लिए ये सब प्रयास कर रहा हूं और मैं देख रहा हूं कि मैं आपका दिल जीतने में कामयाब रहा हूं। मैं कड़ी मेहनत करता रहूंगा। ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि आपके इस प्यार से मैं जितना खुश हूं, उतना ही कृतज्ञ भी हूं। मोदी प्यार के इस कर्ज को चुकाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। 2014 के बाद मैं जब भी आया, मैंने यही कहा कि मैं ये मेहनत आपका दिल जीतने के लिए कर रहा हूं। और मैं दिनों-दिन देख रहा हूं कि आपका दिल जीतने की सही दिशा में मैं जा रहा हूं।

उन्होंने कहा कि विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं का नेतृत्व, विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता यहीं से निकेलगा। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर केवल एक क्षेत्र नहीं है। जम्मू कश्मीर भारत का मस्तक है। और ऊंचा उठा मस्तक ही विकास और सम्मान का प्रतीक होता है। इसलिए विकसित जम्मू कश्मीर, विकसित भारत की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज यहां से स्वदेश दर्शन योजना के तहत 6 परियोजनाएं देश को समर्पित की गई हैं। इसके अलावा स्वदेश दर्शन स्कीम के अगले चरण का भी शुभारंभ हुआ है। इसके तहत भी जम्मू कश्मीर समेत देश के अन्य स्थानों के लिए करीब 30 परियोजनाओं की शुरुआत की गई है।

## नक्सलियों से वार्ता के लिए हैं तैयार : गृहमंत्री

**रायपुर,7 मार्च।** बस्तर में लगातार भाजपा नेताओं की हत्या और पीसीसी चीफ दीपक बैज के बयान पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, बस्तर में हत्या की घटना काफी चिंताजनक है. कांग्रेस की गलती की सजा लोग भुगत रहे हैं. हम तो नक्सलियों से वार्ता के लिए भी तैयार हैं. आखिर नक्सली क्या चाहते हैं बताएं. हम तो कह रहे हैं वीडियो कान्फ्रेसिंग में बात करने के लिए तैयार हैं. सामान्य लोगों को इस तरह मौत के घाट उतारना कहां का न्याय है. डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने विशेष पिछड़ी जनजाति की स्वसहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात की. उन्होंने कहा, सुदूर वनांचल क्षेत्र में रहने वाले महिलाओं का जो स्व सहायता समूह बना है वो दिल्ली में राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगी. महिलाएं अपने स्वसहायता समूह के उत्पादों को लेकर जा रहे हैं. दिल्ली में राष्ट्रपति को भेंट करेंगे. साथ ही दिल्ली के कई स्थानों पर भ्रमण भी करेंगे. शर्मा ने कहा, अनवरत पाँच वर्षों तक जिन्होंने कुछ नहीं कहा, जिनके गलती की सजा आज लोग भुगत रहे हैं. उनको तो ये बात नहीं कहनी चाहिए. राजीव आवास योजना का नाम बदलने पर डिप्टी सीएम ने कहा, हम नए प्रावधानों के साथ काम कर रहे हैं इसलिए योजना का नाम भी बदला गया है. कोई योजना में पूरा परिवर्तन होगा तो नाम बदलेंगे.

## पुराने और नए चेहरों का होगा समावेश:दीपक बैज



**रायपुर,7 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में शामिल होने के लिए पीसीसी चीफ दीपक बैज दिल्ली रवाना हो गए हैं. इससे पहले एयरपोर्ट पर उन्होंने मीडिया से चर्चा की. बैठक को लेकर उन्होंने बताया कि आज शाम को दिल्ली में बैठक है. छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों पर नाम तय हो जाएंगे. जिसमें पुराने और नए चेहरों का समावेश होगा. वहीं बड़े नेताओं का भी नाम सूची में रहेगा. भाजपा नेताओं की हत्या पर बैज ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह असहाय हो चुकी है. बस्तर में लगातार हत्या की घटनाएं हो रही हैं. भाजपा कांग्रेस सरकार में टारगेट किलिंग का आरोप लगाती थी. आज बस्तर में क्या हो रहा है. सरकार को जवाब देना चाहिए. राज्य सरकार स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी पर पीसीसी चीफ ने कहा कि राज्य सरकार का केंद्रीय एजेंसी से भरोसा उठ गया क्या? NIA, ED, IT, SIT सब यही काम कर रहा हैं. नई एजेंसी गठित करने की आवश्यकता क्यों? SIA के गठन से सरकार पर आर्थिक बोझ होगा. वहीं आर्थिक सलाहकर परिषद के गठन को लेकर बैज ने कहा कि तीन महीने में ही 14 हजार करोड़ का कर्जा सरकार ले चुकी है. देश की आर्थिक स्थिति क्या है, सारी अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है. राज्य का इससे कुछ भला नहीं होगा.

सीबीआई की एंट्री पर उन्होंने कहा कि सेंट्रल एजेंसियों का दुरुपयोग करने के लिए एंट्री की अनुमति दी जा रही है. पीएससी जांच के बहाने विपक्ष के खिलाफ षड्यंत्र की कोशिश हो रही है. सीबीआई आए या कोई आए, कांग्रेस किसी डरने वाली नहीं है. इसके अलावा राजीव आवास नगर का नाम बदलने के सवाल प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बीते तीन महीने में नाम बदलने के सिवा किया क्या है. अब राजीव नगर का नाम अटल विहार किया जा रहा है. नाम बदलने से नहीं काम करने से कुछ अच्छा होगा.

## 3 फीट का गणेश सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़कर बना डॉक्टर

**गांधीनगर,7 मार्च।** कहते हैं सफलता उन्हें ही मिलती है जो अपने सपनों का पीछा करता है. बिना किसी डर के अपने लक्ष्य के पीछे भागते रहो तो सफलता मिल ही जाती है.और इसे सच कर दिखाया गुजरात के रहने वाले गणेश बरैया ने. केवल तीन फीट के कद वाले गणेश बरैया के लिए डॉक्टर बन पाना मुश्किल था. लेकिन आज वह गुजरात के भावनगर अस्पताल में एक इंटर्न हैं.



जानकारी के मुताबिक़, तीन फीट के 23 वर्षीय गणेश बरैया गुजरात के भावनगर में ट्रेनी डॉक्टर बन गए हैं. लेकिन कुछ सालों पहले ये सफर आसान नहीं था. जब 6 साल पहले जब उन्होंने यह सफर शुरू किया था तब काफी संघर्ष करना पड़ा था. 2018 में गणेश बरैया ने नीट की परीक्षा दी थी लेकिन अच्छे अंक आने के बावजूद उन्हें उनकी कम हाइट के चलते एडमिशन नहीं दिया गया. डॉ. गणेश बरैया ने बताया कि मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की समिति ने मुझे यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि मेरी ऊंचाई 3 फीट है और मैं आपातकालीन मामलों को संभाल नहीं पाऊंगा÷

डॉ. गणेश बरैया को कद के चलते रिजेक्ट तो कर दिया लेकिन वो हार नहीं माने. इसके बाद उन्होंने अपने स्कूल के प्रिंसिपल के मदद और भावनगर कलेक्टर के निर्देश पर इस मामले को लेकर गुजरात हाई कोर्ट गए. लेकिन वहां दो महीने के बाद केस हार गए. गणेश बरैया ने उसके बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और 2018 में सुप्रीम कोर्ट का फैसला उनके पक्ष में आया. 2019 में गणेश बरैया ने एमबीबीएस के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज, भावनगर में प्रवेश लिया. 3 फुट के गणेश बरैया ने सभी बाधाओं को पार करते हुए हाल ही में सरकारी मेडिकल कॉलेज, भावनगर से अपनी एमबीबीएस पूरी कर ली है. और आज भावनगर सरकारी अस्पताल में ही डॉक्टर बन गए हैं. डॉ. गणेश बरैया की सफलता की लड़ाई सभी के लिए प्रेरणादायक है.

## बातचीत ही शांति बहाल करने का एकमात्र रास्ता : रिजिजू

**नई दिल्ली,7 मार्च।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए बातचीत ही एकमात्र साधन है और राज्य को सामान्य स्थिति में वापस लाना नरेंद्र मोदी सरकार के प्रयासों का अगला चरण होगा। रिजिजू ने पूर्वोत्तर राज्य में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच चल रहे जातीय संघर्ष के लिए मणिपुर उच्च न्यायालय के उस आदेश को जिम्मेदार ठहराया, जिसमें मैतेई लोगों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की सिफारिश की गई थी। हिंसा ने अशांत राज्य में कम से कम 219 लोगों की जान ले ली है।

रिजिजू ने कहा कि मणिपुर में समस्या भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र के खिलाफविद्रोह नहीं है, बल्कि दो प्रमुख समूहों - मैतेई और कुकी के बीच जातीय संघर्ष है। इससे साथ ही उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का अपने तीसरे कार्यकाल में ध्यान भारत को उच्च आय श्रेणी में लाने पर होगा ताकि इसे दुनिया के विकसित देशों में गिना जा सके। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया के विकसित देशों में शुमार करने के लिए प्रति व्यक्ति आय 18,000 अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता होगी और मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में देश को उच्च आय श्रेणी में लाने का प्रयास करेगी। रिजिजू ने पिछली कांग्रेस सरकारों पर शौचालय, लोगों के लिए बैंक खाते, खाद्य सुरक्षा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करने के लिए आलोचना की, जो अब मोदी सरकार द्वारा प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई मणिपुर में शांति बहाल करने में मदद करना चाहता है, तो पहले जाकर मेइतियों और कुकियों दोनों से अपील करें कि वे हथियार न उठाएं। सशस्त्र संघर्ष से कोई समाधान नहीं निकलेगा। शांतिपूर्ण माहौल हासिल करने और सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए शांतिपूर्ण बातचीत ही एकमात्र साधन है। वह मणिपुर में विकास लाने के हमारे प्रयासों का अगला चरण होगा।

एक नजर

## शहर एएसपी होंगे राठौर

**भिलाई, 7 मार्च।** भिलाई पुलिस विभाग में बड़ी सर्जरी की है। इसमें करीब 75 राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों का तबादला सूची जारी की है। अब शहर एएसपी सुखनंदन राठौर होंगे। वहीं ग्रामीण एएसपी वैदव्रत सिरमौर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस सूची में सुखनंदन राठौर (डीडी-2007) सहायक पुलिस पुलिस महानिरीक्षक गुप्तवार्ता, पलिस मुख्यालय रायपुर को तत्काल प्रभाव से अस्थाई रुप से आगामी आदेश पर्यन्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर जिला दुर्ग में पदस्थ किया गया है। वहीं वेदव्रत सिरगौर (डीडी-2002) संयुक्त परिवहन आयुक्त रायपुर को तत्काल प्रभाव से अस्थाई रुप से आगामी आदेश पर्यन्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला दुर्ग में पदस्थ किया गया है वहीं इस तबादला आदेश में और भी एएसपी दुर्ग जिले में भेजे गए हैं।



## पीड़िता को दी धमकी

**भिलाई, 7 मार्च।** भिलाई बिल्डर तथा छत्तीसगढ़ी फिल्म के एक्टर मनोज राजपूत पर एक फिर भिलाई नगर थाना में एक और मामला दर्ज हो गया है पीड़िता की रिपोर्ट पर भिलाई नगर थाने में मामला दर्ज किया गया है गौरतलब हो कि 29 वर्षीय युवती ने मनोज राजपूत के खिलाफ भिलाई तीन जीआरपी थाने में दुष्कर्म, अप्राकृतिक कृत्य के तहत शिकायत दर्ज की थी पीड़िता का आरोप है कि जब वह नाबालिग थी तब से यानी 2011 से उसके साथ मनोज राजपूत दुष्कर्म कर रहा है लिहाजा जीआरपी भिलाई तीन ने मनोज राजपूत को धारा 366, 377, 506 व पाक्सो एक्ट की धारा 4, 6 के तहत गिरफ्तार किया था मनोज राजपूत दुष्कर्म व अप्राकृतिक कृत्य के मामले में जेल से जमानत पर बाहर आए मनोज राजपूत ने पीड़िता को कोर्ट में गवाही ना देने को लेकर धमकी दी भिलाईनगर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि पीड़िता की रिपोर्ट पर मामले में धारा 294,506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## मुनाफे का झांसा देकर लाखों की ठगी

**भिलाई, 7 मार्च।** भिलाई भारी मुनाफे मिलने का आश्वासन देकर शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर आनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से बुजुर्ग करीब 35 लाख रुपए की धोखाधड़ी का शिकार हो गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-5 निवासी श्याम कुमार (52वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि जनवरी माह में एक फर्जी वाट्सएप ग्रुप (ब्लैकराक कैपिटल बीआईपी 8) के माध्यम से भारी मुनाफे मिलने का आश्वासन देकर शेयर बाजार में निवेश का लालच दिया इसके बाद प्रार्थी ने झांसा देकर धीरे-धीरे कर आनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से करीब 35 लाख 70 हजार रुपए की धोखाधड़ी की है ठगी का एहसास होने पर भिलाई नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है रिपोर्ट के बाद पुलिस मामले में विवेचना कर रही है भारी फेर में मुनाफे के बुजुर्ग हुआ साइबर ठगी का शिकार।

## कलेक्टर ने कंट्रोल रूम में लगाई अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी

**धमतरी, 7 मार्च ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में कार्य संपादन के लिये अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की है। उन्होंने इसके लिये डिप्टी कलेक्टर श्री तेजपाल सिंह ध्रुव को नोडल अधिकारी और राजस्व निरीक्षक भू अभिलेख श्री संजय कुमार तिवारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कंट्रोल रूम में सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक सहायक ग्रेड 3 श्री कौशल राम साहू, सहायक ग्रेड 2 श्री शेखर साहू और हेल्पर श्री वीरू राम साहू की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह दोपहर 2 से रात 10 बजे तक सहायक ग्रेड 2 श्री जगमोहन साहू, सहायक ग्रेड 3 श्री विरेन्द्र बरगे, हेल्पर श्री युगल किशोर सिन्हा और रात 10 से सुबह 6 बजे तक प्रोग्रेसमेन श्री शिवदास साहू, सहायक ग्रेड 3 श्री भगीरथी किशोर और कंडक्टर श्री अशोक कुमार साहू की ड्यूटी लगाई गई है। यह आदेश आदर्श आचार संहिता लागू तिथि से प्रभावशील होगा।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में जुटी झलप क्षेत्र की महिलाएं



**महासमुंद।** झलप के गुरुद्वारा परिसर में 6 मार्च को महिला स्वसहायता समूह के तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नारी शक्ति वंदन अभियान के राष्ट्रीय कार्यक्रम के क्रम में आयोजित इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थे।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन 04 मार्च 2024 को महात्मा गांधी कला मंदिर में ईएसजी पर्यावरण, सामाजिक और शासन उत्कृष्टता के लिए नेतृत्व पर ध्यान विषय पर हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह का उद्घाटन उप निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, दुर्ग आशुतोष पांडे ने कार्यपालक निदेशक वर्क्स अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक प्रोजेक्ट्स एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक माइन्स बी के गिरि, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एम एंड एचएस डॉ रवींद्रनाथ एम, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी आयरन तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सेवाएं पी के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी एम एंड यू असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवा प्रवीण राय भल्ला तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीगण, मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, ओए और यूनियन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया।

# स्व सहायता समूह की बहनें, लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं:भावना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 7 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत देशभर की स्वसहायता समूह की महिलाओं से वर्चुअल माध्यम से सीधा संवाद किया। इसी कड़ी में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम रणवीरपुर में भी विधायक भावना बोहरा की उपस्थिति में क्षेत्र की सैकड़ों स्वसहयता समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री जी का लाइव उद्बोधन सुना।कार्यक्रम में उपस्थित पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने स्वसहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए अनवरत कार्य किये जा रहें हैं। आज प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन से हम सभी महिलाओं में एक नई उर्जा का प्रवाह हुआ हैं वहीं स्वसहयता समूह की बहनों को प्रोत्साहन भी मिला है। नारी शक्ति की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण मोदी जी की गारंटी है और मोदी जी की गारंटी की मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी होती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आज मोदी जी से संवाद के दौरान यहां उपस्थित हजारों माताओं-बहनों को एक नई दिशा एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ होगा जहाँ वे अपने सामर्थ्य को और भी बढ़ा सकेंगी।



लखपति दीदी योजना के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा महिला स्वसहयता समूह की महिलाओं को नए अवसर दिए जा रहें हैं स्वावलंबन से सशक्तिकरण की दिशा में उनके आर्थिक स्तर में सुधार लाने के लिए इस योजना का विस्तार मोदी जी की महिलाओं के प्रति उनके सम्मान को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा कि राज्यसभा एवं लोकसभा में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें अपने क्षेत्र के विकास को आगे ले जाने व सदन में अपनी बात रखने का अवसर दे रही है, राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी से यह सुनिश्चित होगा कि वे महिलाओं के मुद्दों के प्रति संवेदनशील हों, सशक्त हों और रोल मॉडल बनें। हमारे छत्तीसगढ़ में भी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए मोदी की गारंटी के तहत महतारी वंदन योजना के तहत प्रति माह 1000 रुपए देने का निर्णय उन्हें प्रोत्साहन देने वाली है। महिला सुरक्षा हो या बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य हो या स्वावलंबन हर क्षेत्र में आज प्रधानमन्त्री जी के कुशल मार्गदर्शन में केंद्र व छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार सकारात्मक कदम उठा रही है। महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने व अपने कौशल, हुनर एवं क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत एक सार्थक मंच प्रदान कर रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना के जरिए महिलाओं को गैस सिलिंडर देना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाना, मुस्लिम महिलाओं को लेकर तीन तलाक को कानूनी रूप से खत्म करना जैसे कई सराहनीय कार्य एवं ऐतिहासिक निर्णयों से आज देश की महिलाओं,बेटियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का सर्वसम्मति से पारित होना महिला नेतृत्व वाले विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आज केंद्र व राज्य सरकार की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए योजनाओं के माध्यम से उन्हें बंधनमुक्त करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है जिसका सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल रहा है, जहाँ नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपनी क्षमताओं व हुनर से विकसित भारत के निर्माण में कदम से कदम मिलकर चल रही हैं।

आज हमारी माताएं और बहनें न सिर्फ अपने परिवारों के लिए बल्कि पूरे समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में, हम सभी सशक्त समाज और विकसित देश की दिशा में काम करने लिए प्रतिबद्ध हैं। नारीशक्ति को समर्थन करना हमारी प्राथमिकता है, और हम इसे बढ़ावा देने के लिए समर्थ हैं। मैं प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करती हूँ कि महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक विकास के लिए उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों, योजनाओं के लिए मैं आभार व्यक्त करती हूँ और आज के कार्यक्रम के लिए उनका हार्दिक अभिनंदन करती हूँ ।

## महिला की अश्लील फोटो,वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**कवर्धा,7 मार्च।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिश राठौर , अति पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ,उप पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी विकास बघेल के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना उपस्थित आई पीडिता के द्वारा एक लिखित शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया जिसमे लेख है कि पीडिता के नाम से मोबाईल नंबर 9131988838 का धारक नरेश ठाकुर के द्वारा पीडिता के नाम से फर्जी इंस्ट्राग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो/विडियो अपलोड किया है पूर्व मे अश्लील फोटो अपलोड कर देने की धमकी देकर पैसो की मांग किया था पैसा नही देने पर बदनाम एवं बेईज्जत करने की नियत से उक्त कृत्य किया है कि पूर्व मे मोबाईल धारक नरेश ठाकुर से पीडिता का प्रेम संबंध रहा है जिसके चलते पीडिता नरेश ठाकुर से मोर्बाइल के माध्यम से बातचीत व विडियो कालिंग किया करती थी उसी दौरान नरेश ठाकुर पीडिता के विडियो कालिंग का रिकार्डिंग कर व फोटो सेव कर पीडिता को पैसो की मांग कर धमकी देता था कि पैसे नही देने पर तुम्हारा अश्लील विडियो व फोटो शोसल मिडिया मे अपलोड कर तुम्हे बदनाम कर दुंगा कहकर धमकी दिया करता था जिससे परेशान होकर पीडिता अपना मोबाईल नंबर बंद कर दी थी कि मोबाईल नंबर बंद कर देने पर आरोपी नरेश ठाकुर द्वारा आवेश मे आकर पीडिता के मोबाईल नंबर से इंस्ट्राग्राम पर पीडिता के नाम का फेंक आईडी बनाकर पीडिता का अश्लील फोटो व विडियो अपलोड कर दिया गया है जिसके पता चलते ही पीडिता थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि रिपोर्ट पर थाना स0 लोहारा अपराध क्रमांक 67/2024 धारा 509ख, 384 भादवि0, सूचना प्रोधौगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 67 कायम कर विवेचना मे लिया गया । अपराध कायमी पश्चात वरिष्ठ अधिकारीयो का अवगत कराते हुये साईबर सेल के माध्यम से मोबाईल धारक का पता तलाश करते हुये थाना स0 लोहारा पुलिस टीम द्वारा आरोपी नरेश ठाकुर पिता गोविंद सिंह उम्र 28 साल निवासी दिघौरी थाना चीचली जिला नरसिगपुर (म0प्र0) को हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया पूछताछ मे आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार किया व घटना मे प्रयुक्त एक नग मोबाईल फोन को जप्त कर आज दिनांक 06/03/24 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल निरूद्ध की जाती है उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विकास बघेल , सउनि0 संदीप चौबे , सउनि0 प्र0आर0 फलेन्द्र देशमुख, आरक्षक किर्तीलाल वर्मा , शंकर निषाद , का विशेष योगदान रहा है ।



## बीएसपी में सीटीवाईएम संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता घोषित

**भिलाई, 7 मार्च।** भिलाई इस्पात संयंत्र में आयोजित डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फ़ॉर यंग मैनेजर्स 2023-24 एवं चेयरमैन ट्रॉफी फ़ॉर यंग मैनेजर्स के इकाई स्तरीय प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया है।







संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिता में सोनल श्रीवास्तव, प्रबंधक, सिद्धार्थ रॉय, प्रबंधक और विनय कुमार पवार, उप प्रबंधक की टीम को विजेता घोषित किया गया है। विजेता टीम अब एमटीआई, रांची में आयोजित होने वाले चेयरमैन ट्रॉफी फ़ॉर यंग मैनेजर्स (सीटीवाईएम) 2023-24 में भिलाई इस्पात संयंत्र का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) में सेल के सभी एकीकृत इस्पात संयंत्रों एवं इकाइयों की विजेता टीमों द्वारा तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे। इस संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिता डायरेक्टर इंचार्ज/चेयरमेन ट्रॉफी फ़ॉर यंग मैनेजर्स (सीटीवाईएम) 2023-24 में प्रथम उपविजेता का स्थान आशीष पाण्डेय प्रबंधक, नागेश्वरा राव प्रबंधक की टीम ने प्राप्त किया और द्वितीय उपविजेता का स्थान हिमांशु वर्मा प्रबंधक, ऐमान अली प्रबंधक तथा उमेश मलयथ सहायक महाप्रबंधक की टीम ने प्राप्त किया था। बीएसपी टीमों द्वारा यूनिट स्तर की प्रस्तुतियों के लिए निर्णायकगणों में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक राजीव पाण्डेय और प्रोफेसर डॉ समीर बाजपेयी शामिल थे। मुख्य महाप्रबंधक सुश्री निशा सोनी कार्यक्रम के संयोजक के रूप में शामिल थी।

## पीएम को सुनने उमड़ी महिलाएं,बेहतर कार्य करने वाला समूह सम्मानित



**रिसाली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुवल कार्यक्रम में रिसाली क्षेत्र की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। कार्यक्रम में शामिल सद्स्य आजीविका मिशन द्वारा गठित समूह की सदस्य है। इस अवसर पर आयुक्त आशीष देवांगन और मंचस्थ अतिथियों ने बेहतर कार्य कर समाज में अपनी अलग पहचान बनाने वाली समूह को सम्मानित किया । प्रधानमंत्री का कार्यक्रम शुरू होने से पहले महापौर शशि सिन्हा ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित की। उन्होंने महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए आगे बढ़ने की बात कही। सभापति केशव बंछोर ने आजीविका मिशन के कार्यो पर प्रकाश डालते कहा कि रिसाली की महिलाएं अब आत्मनिर्भर हो रही है। कार्यक्रम में शामिल विशेष आमंत्रित अतिथि प्रदेश कार्यकारी सद्स्य गिरिष अग्रवाल व मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे ने केन्द्र और राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपासना साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद माया यादव, सविता ढवस, रमा साहू, ममता सिन्हा के अलावा राजू जंघेल, दशरथ साहू, अजीत चैधरी, अनुपम साहू, मोगरा देशमुख, भागवत बुंदेला व करूणा यादव उपस्थित थी।

### समूह सम्मानित

जूट बैग बनाने के लिए नारी स्व सहायता समूह प्रगति नगर, रूई बत्ती बनाने के लिए रिसाली बस्ती की आर्शीवाद स्व सहायता समूह, रिसाली बस्ती की रैना स्व सहायता समूह (कैंटिन) संचालन के लिए सम्मानित किया। इसी तरह नेवई की महामाया स्व सहायता समूह (सब्जी), जोरातराई की समलेश्वरी स्व सहायता समूह (फीनाईल), आशीष नगर की मैत्री स्व सहायता समूह (बड़ी, पापड़, आचार), मौहारी मरोदा की जागरूक स्व सहायता समूह (सिलाई), टंकी मरोदा की राधे-राधे स्व सहायता समूह (सिजनली समान), स्टेशन मरोदा की अनुराग स्व सहायता समूह (यूनीफार्म), डुंडेरा की कनिका स्व सहायता समूह (मशरूम), डुंडेरा की नई किरण स्व सहायता समूह (बड़ी, पापड़), रूआबांधा की वीना स्व सहायता समूह (सिलाई), पुरैना की तुलसी स्व सहायता समूह (दलिया), रिसाली सेक्टर की मां भवानी स्व सहायता समूह (रूई बत्ती), एम.पी.एम. स्व सहायता समूह (पैरदान) को सम्मानित किया गया।

## रिफ्रैक्टरी संचालन समिति बैठक का उद्घाटन



**भिलाई, 7 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग, आरडीसीआईएस के सहयोग से, 6 और 7 मार्च को भिलाई निवास में 65वीं रिफ्रैक्टरी ऑपरेटिंग कमेटी (आरओसीएम) की बैठक का आयोजन कर रहा है। आरओसीएम के लिए इस वर्ष की थीम रोल ऑफ ऑपरेटिंग कंडीशनस् ऑन परफॉरमेंस ऑफ स्टील लैडल रिफ्रैक्टरी लाइनिंग एंड फ्यूचर लाइनिंग मटेरियल्स है। दो दिवसीय रिफ्रैक्टरी संचालन समिति बैठक का उद्घाटन मुख्य अतिथि, निदेशक प्रभारी (सेल-बीएसपी) अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक वरिंदर धवन, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार तथा महाप्रबंधक मनीष कुमार कुजूर उपस्थित थे। अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि रिफ्रैक्टरी स्टील उत्पादन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। रिफ्रैक्टरीज में काम करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि सुरक्षा प्रोटोकॉल के प्रति थोड़ी सी भी लापरवाही सबके लिए खतरनाक साबित हो सकती है, इसलिए हमें सुरक्षा पालन प्रोटोकॉल को हमेशा सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि यहां प्रस्तुत किए जाने वाले तकनीकी शोध पत्रों पर सामूहिक चर्चा से भारत में इस्पात विनिर्माण के लिए अधिक कुशल, सस्टेनेबल और लागत प्रभावी रिफ्रैक्टरी संचालन के लिए, रिफ्रैक्टरी अनुप्रयोगों में नवीनतम रुझानों का पता लगाने के लिए नई अंतर्दृष्टि और विचार सामने आएगी।

## बीजेपी सरकार राज्य की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कर रही पूर प्रयास: मनीष




**भिलाई, 7 मार्च।** विधानसभा अंतर्गत सेक्टर-10 गुण्डिचा मण्डप में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय मातृ शक्तियों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना। इस दौरान पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उज्जवला योजना जैसी विभिन्न योजनाएं प्रारंभ की है। पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास बीजेपी सरकार द्वारा किया जा रहा है। यहां पिछली सरकारों में महिलाओं की सुरक्षा नहीं हो पाती थी वहीं भाजपा के सरकार में महिलाओं को रोजगार और समृद्ध बनाने का कार्य अवसर दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही नारियों का सम्मान हो रहा है। वेदों में भी कहा गया है जहाँ नारियों की पूजा होती है वहाँ भगवान का वास होता है। मनोकामना की पूर्ति के लिए नारी शक्तियों की आराधना की जाती है। जैसे शक्ति प्राप्त करने के लिए माँ दुर्गा, वैभव- धन सम्पदा के लिए माता लक्ष्मी और ज्ञान की प्राप्ति के लिए माता सरस्वती की आराधना की जाती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय दानी, श्रीमती तुलसी साहू, गोल्डी सोनी, बी. पद्मनाभम, करण कन्नौजिया, सविता नाहक, शाहिदा परवीन, ज्योति साहू, तिलकराज यादव, के गणपति, जोनाथन जोना, राहुल भोंसले, सीमा तिवारी, रोहित तिवारी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक में कई विषयों पर चर्चा

**धमतरी, 7 मार्च ।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आज श्रम विभाग अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक संघ के पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडलों के योजनाओं की बैठक में चर्चा की गई। इस दौरान श्रमिक पंजीयन कार्ड बनाने के लिये जारी नियोजक प्रमाण पत्र के संबंध में नियमों एवं वास्तविक निर्माण श्रमिक हेतु नियोजक जारी करने तथा निर्धारित राशि लेने के लिये समझाईश दी गई। साथ ही अपील की गई है कि यदि कोई संघ अथवा व्यक्ति द्वारा गलत कार्यों या अवैध वसूली सूचना मिलती है ।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का हनुमान वाटिका में धर्म प्रवचन



**भिलाई, 7 मार्च।** जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का आगमन आगामी 9 मार्च शनिवार को कांग्रेस नेता धर्मेंद्र यादव के निवास स्थान पर हो रहा है। जहां स्वामी श्री द्वारा 9 मार्च को धर्म प्रवचन एवं 10 मार्च को प्रातः 6.30 बजे से दीक्षा समारोह का आयोजन किया जाएगा। धर्मेंद्र यादव ने उक्त धर्म प्रवचन में श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया है। धर्म प्रवचन 9 मार्च शनिवार को हनुमान वाटिका हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्टेट बैंक के पास भिलाई में दोपहर 3 से प्रारम्भ होगा। दीक्षा समारोह 10 मार्च रविवार को प्रातः 6.30 बजे से प्रारम्भ होगा।

## सामान्य सभा की बैठक में योजनाओं व निर्माण कार्यों पर की गई चर्चा

**कवर्धा, 7 मार्च।** जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा की बैठक में वन विभाग 15 वे वित्त आयोग अंतर्गत जिला पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 निर्माण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग स्कूल शिक्षा विभाग जैसे अनेक विषय पर चर्चा की गई।बैठक की अध्यक्षता श्रीमती सुशीला भट्ट अध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा की गई। इस अवसर पर श्रीमती पुष्पा साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम भी उपस्थिति रही। बैठक में चर्चा करते हुए वन विभाग द्वारा जानकारी दिया गया कि वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का संचालन किया जा रहा है। वन परिक्षेत्र अनुसार साधारण बास रक्त चंदन टिशु कल्चर बांस मिलिया डूबिया क्लोन नीलगिरी सफेद चंदन टिशु कल्चर सागौन साधारण रूट-शूट सागौन जैसे अनेक प्रजातियों का वृक्षारोपण हो रहा हैं। इसमें अभी तक कुल 626 हितग्राहीयो द्वारा 6 लाख 28 हजार 630 पौधों का रोपण हुआ है। सभी पौधे 978.52 एकड़ क्षेत्र में आरोपित किए गए हैं। आगे जानकारी देते हुए विभाग द्वारा बताया गया की तेंदूपत्ता संग्रहण एवं भुगतान न्यूनतम समर्थन मूल्य वनोपेज संग्रहित समर्थन मूल्य योजना अंतर्गत लघु धान्य फसल तेंदूपत्ता बोनस वितरण संग्रह की जानकारी सामाजिक सुरक्षा योजना सामूहिक सुरक्षा योजना शिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति 2022-23 एवं शहद प्रसंस्करण केंद्र सहित अन्य विषय की जानकारी दी गई। बैठक में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट ने वन विभाग द्वारा संचालित कैम्पा योजना की जानकारी चाहि गई और कैम्पा योजना के द्वारा कराए गए कार्य और वृक्षारोपण की सूची मांगी गई।इसी तरह सदस्य श्री रामकृष्ण साहू द्वारा कैम्पा योजना के अंतर्गत भुगतान किए गए राशि की जानकारी तथा इस मद में मानव संसाधन एवं अन्य व्यय की जानकारी सदन में रखने की बात कही गई। जिला पंचायत सदस्य श्री तुकाराम चंद्रवंशी द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कराए जा रहे जल जीवन मिशन योजना के कार्य का भौतिक सत्यापन करने की बात कही गई। विषय उठाया गया कि ग्राम पंचायतो में नल कनेक्शन के बाद पाइप को ढकने एवं छोटे-मोटे सुधार के कार्य को यथा शीघ्र पूर्ण कर योजना का सुचारू संचालन किया जाए। सदस्य रामकुमार पटेल द्वारा ग्राम पंचायत घोघा के सीपीटी कार्य के जांच करने एवं वृक्षारोपण करने की बात रखी गई। सदस्य श्री मुखी राम मरकाम द्वारा तरेगांव जंगल क्षेत्र में जलाऊ लकड़ी के संग्रहण के संबंध में सदन का ध्यान आकर्षित कराया गया । सदस्य श्री रामकृष्ण साहू द्वारा शिक्षकों के पद स्थापना के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली गई। बैठक में उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री संदीप कुमार अग्रवाल द्वारा सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि बैठक में उठाए गए सभी विषयों की जानकारी सदस्यों को यथाशीघ्र उपलब्ध कराया कराए।15वें वित्त अंतर्गत जिला पंचायत विकास योजना वर्ष 2024-25 निर्माण कार्य पर चर्चा किया गया तथा बताया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष के लिए जिला पंचायत सदस्यों से उनके क्षेत्र में आवश्यकता अनुसार कार्य का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना है। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू सदस्य श्रीमती सुमीर बाई पुसाम श्रीमती टिकेश्वरी साहू राम कुमार भट्ट तुकाराम चंद्रवंशी मुखी राम मरकाम राम कुमार पटेल श्रीमती मीना चंद्रवंशी राम कृष्ण साहू श्रीमती सरस्वती साहू श्रीमती लीलाबाई वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत स लोहारा श्रीमती समुंद बाई कुर्रे अध्यक्ष जनपद पंचायत पड़रिया उपस्थित रहे। बैठक में जिले के सभी विभागों के जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत से उपसंचालक पंचायत सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### 10 मार्च को राष्ट्रीय जनसभा पाटी करेगी लोकसभा के प्रत्याशियों का घोषणा

**रायपुर ,7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)**।राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के प्रदेश स्तरीय बैठक प्रदेश कार्यालय लभांडी रायपुर में 10 मार्च 2024, दिन रविवार को आयोजित हैं। बैठक में मुख्य अतिथि मा0 लखमूराम टंडन, राष्ट्रीय अध्यक्ष होगें। बैठक की अध्यक्षता मा0 रामप्रसाद कोसले, प्रदेश अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि - एड सिद्धराम लहरे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्री एस. आर. बंजारे (पूर्व जज) प्रदेश प्रभारी, श्री विरेन्द्र वैध राष्ट्रीय महासचिव, श्री पिताम्बर मारकन्डे, राष्ट्रीय सचिव, श्री आत्मादास महेश्वरी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री सुमन खाण्डे प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री रिझेन्द्र डहरिया, प्रदेश महासचिव, श्री डॉ. राजेश बंजारे प्रदेश कोषाध्यक्ष, श्री एल.पी. ओंगरे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, श्री विष्णु बारले, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, उपस्थित होगें। राष्ट्रीय जनसभा पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश छत्तीसगढ के सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों में उम्मीदवार खड़ा करने का निर्णय किया गया हैं। तथा संभावित प्रत्याशियों को चयन कर घोषणा किये जाने के लिए 10 मार्च को बैठक नियत किया गया हैं। राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रदेश पदाधिकारी व जिला / ब्लाक पदाधिकारियों को विशेष कर सूचित किया गया है। प्रेस विज्ञप्ति श्री आत्मादास माहेश्वरी कोषाध्यक्ष, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी ने दी।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के विरुद्ध चलाया गया अभियान

**राजनांदगांव,7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)**। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के दिशानिर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब एवं नशीले पदार्थो के परिवहन एवं बिक्री पर चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 05.03.2024 को जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर नशीले पदार्थ/शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करते हुये थाना कोतवाली अन्तर्गत 03 प्रकरण में, थाना बसंतपुर अन्तर्गत 07 प्रकरण में, थाना सोमनी अन्तर्गत 05 प्रकरण में, थाना घुमका अन्तर्गत 02 प्रकरण में, थाना गैंदाटोला अन्तर्गत 01 प्रकरण में, ओपी चिखली अन्तर्गत 01 प्रकरण कुल 19 प्रकरणों में सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने वाले 19 व्यक्तियों के विरूद्ध 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई । इसके अलावा थाना छुरिया अन्तर्गत 01 प्रकरण में 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत आरोपी मनीष कुमार साहू पिता तुलाराम साहू उम्र 23 वर्ष निवासी मेढ़ा के कब्जे से 30 पौवा अंगेजी शराब कीमती 3600/- रूपये एवं 15 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1200/- रूपये तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकिल कीमती 10,000/-रूपये जप्त कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया जेल। इसी प्रकार यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।

### फॉस्ट चार्जिंग विकल्प के साथ स्मार्ट ईवी

**रायपुर,7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)**। एमजी मोटर इंडिया ने आज एमजी ईवी को वॉव वैल्यू प्रोपोजीशन में अधिक सुलभ बनाने के लिए अपने ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करने की घोषणा की। कार मैन्यूफैक्चरर ने 19.98 लाख रुपये की आकर्षक कीमत पर डुअल पेन पैनोरमिक स्काई रूफ के साथ अपने प्रमुख ईवी - एमजी जेडएस का एक नया वैरिएंट एक्साइट प्रो पेश किया है। एमजी मोटर इंडिया ने फास्ट चार्जिंग* विकल्प के साथ एमजी कॉमेट को दो नए वैरिएंट्स एक्साइट और एक्सक्लूसिव में भी लांच किया है। स्मार्ट ईवी-एमजी कॉमेट की रेंज 6.98 लाख रुपये से शुरू होती है। एमजी जेडएस ईवी भविष्यवादी डिजाइन के अनुरूप है, जो अच्छी ऑन-रोड उपस्थिति, ड्राइविंग सुविधा, विशाल और लग्जीरियस इंटीरियर प्रदान करती है। यह एग्जीक्यूटिव, एक्साइट प्रो, एक्सक्लूसिव प्लस और एसेंस वैरिएंट्स में 18.98 लाख रुपये (एक्स शोरूम) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है, जो इसे हमारे ईवी उत्साहियों के लिए आकर्षक मूल्य प्रस्ताव बनाता है।

### एचडीएफसी बैंक ने सेल के साथ किया समझौता

**रायपुर,,7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)**। एचडीएफसी बैंक, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक ने कॉर्पोरेट वेतन संबंध के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल- स्ढ्ढरु) के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत, सेल के 60,000 से अधिक ऑन-रोल और 65,000 संविदा (कॉन्ट्रेक्ट आधार पर कार्यरत) कर्मचारियों को अब एचडीएफसी बैंक के कॉपरिट वेतन खाते (सीएसए) में जाने का अवसर मिला है। इस कदम से सेल के कर्मचारियों को खाते के हिस्से के रूप में दी जाने वाली सुविधाओं से काफी लाभ होगा। सेल भारत में सबसे बड़ी इस्पात बनाने वाली कंपनियों में से एक है और देश के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के महारत्नों में से एक है।

### बोरझरा स्कूल में 'न्योता भोज' आयोजित

**अंवरी.** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर यह आयोजन किया गया। सामुदायिक सहयोग से स्कूली बच्चों के खानपान में पोषण आहार की मात्रा बढ़ाने न्यौता भोजन'' की अभिनव पहल की जा रही है।

# मोदी ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में किया संवाद

**प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के चयनित लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने दिया चेक और स्वच्छता दीदियों को किया सम्मानित**

**रायपुर, 7 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से देश की मातृशक्ति को अवगत कराने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत पूरे देश की महिलाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि पूरे 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार है। महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण ही मोदी की गारंटी है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से बालिकाओं को लाभ मिला, उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना के तहत मुफ्त घरेलू गैस कनेक्शन दिया जा रहा है, हर घर नल योजना से लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल रही है। वहीं शासन द्वारा नारी हित के लिए अन्य योजनाएं और अभियान चलाकर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय रायपुर के शंकर नगर स्थित दुर्गा मैदान में आयोजित शक्ति वंदन अभियान में शामिल हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन जनप्रतिनिधियों और स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ सुना। मुख्यमंत्री श्री




साय ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री स्वनीधि योजना की हितग्राही महिला दीदियों को चेक वितरित कर और स्वच्छता दीदियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही नारियों का पूजन होता आ रहा है। वेदों में भी कहा गया है %यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः% अर्थात जहाँ नारियों की पूजा होती है वहाँ भगवान का वास होता है। हम ज़ब भी भगवान का नाम लेते हैं तो पहले भगवती का नाम आता है उमापति महादेव, राधा कृष्ण, सीता राम। मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए नारी शक्तियों की आराधना की जाती है। जैसे शक्ति प्राप्त करने के लिए माँ दुर्गा, वैभव- धन सम्पदा के लिए माता लक्ष्मी और ज्ञान की प्राप्ति के लिए माता सरस्वती की आराधना की जाती है। इस प्रकार सभी शक्तियाँ माताओं के पास ही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने सदैव महिलाओं को सम्मान दिया है। आज देश का जो सर्वोच्च पद राष्ट्रपति का है वहाँ भी एक महिलाओ श्रीमती द्रौपदी मुर्मू विराजमान हैं, इससे बड़ा सम्मान महिलाओं के लिए क्या हो सकता है । महिलाओं को सम्मान देने के लिए हमारी सरकार ने राशन कार्ड महिलाओं के नाम से, उज्जवला कनेक्शन महिलाओं के नाम से किया है। लोकसभा और राज्य सभा में 33 प्रतिशत आरक्षण और पंचायती राज में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। महिलाओं को स्व सहायता समूह के माध्यम से सदैव सशक्त बनाने का कार्य किया है। यह सरकार नारियों का सम्मान करने वाली सरकार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने मोदी की गारंटी में महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक विवाहित महिला के खाते में हर महीने जो एक हजार रूपये अंतरण करने की बात कही है शीघ्र ही लागू करने वाले हैं। वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश नारी वंदन का कार्यक्रम कर रहा है। प्रत्येक विकासखंड में शक्ति वंदन अभियान का आयोजन हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मातृशक्ति को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने महिलाओं को केंद्र बिंदु मानकर प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल योजना, उज्जवला योजना जैसी विभिन्न योजनाएँ प्रारम्भ की है। छत्तीसगढ़ में माताओं को देवियों की तरह पूजा जाता है। हम ज़ब भी ईश्वर का स्मरण करते हैं तो सबसे पहले देवियों का स्मरण करते हैं,

## अम्बेडकर अस्पताल को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिए चलाया अभियान

**रायपुर,7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)**। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय एवं चिकित्सा महाविद्यालय परिसर को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिए जिला तम्बाकू नियंत्रण सेल, रायपुर एवं अम्बेडकर अस्पताल की टीम द्वारा मंगलवार को अभियान चलाया गया और चालानी कार्यवाही की गई। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सिगरेट एंड अदर टोबैको प्रोडक्ट अधिनियम (कोटपा) 2003 के अनुपालन में चलाये गये इस




अभियान के तहत संयुक्त टीम द्वारा आस-पास के दुकानों एवं ठेलों पर चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 22 चालान काटा गया। इस अवसर पर पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के तम्बाकू नियंत्रण सेल के नोडल ऑफिसर डॉ. विवेक पात्रे ने बताया कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थान एवं चिकित्सालय परिसर को तंबाकू मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में यह कार्यवाही की गई है। इस अधिनियम के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद का क्रय-विक्रय या किसी व्यक्ति द्वारा सेवन किया जाता है तो नोडल अधिकारी द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के अंतर्गत चालानी कार्यवाही किया जाना अनिवार्य है।

## लो वोल्टेज की समस्या से किसान परेशान सरकार बेपरवाहः दलेश्वर साहू

**डोंगरगांव ,7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)**। गर्मी बढने के साथ ही विद्युत खपत मे बढोत्तरी होने से क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बढ़ गई है जिससे आमलोग तो परेशान हो ही रहे है इसके साथ किसानो को लो वोल्टेज की समस्या से भारी समस्याओ का सामना करना पड रहा है। लो वोल्टेज की वजह से सिंचाई मोटर पंप जलने लगे है जिससे किसानो को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा तथा फसल नष्ट होने की स्थिति मे है। कनेक्शन बढना तथा गर्मी के दिनो मे लोड बढना स्वभाविक है पर इस समस्या के समाधान हेतु वर्तमान भाजपा सरकार की कोई तैयारी नही होने के कारण किसानो को इसका खमियाजा भुगतना पड़ रहा है। डोंगरगांव



विधायक दलेश्वर साहू ने भाजपा सरकार पर किसानो की समस्याओ के प्रति गंभीर नही होने का आरोप लगाते हुए कहा है कि लोवोल्टेज समस्या के समाधान हेतु विशेषकर गर्मी के दिनो मे अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर, ट्रांसफार्मर के क्षमतावृद्धि की आवश्यकता है जिसे भाजपा सरकार करने मे नाकाम है। ऐसे ही परिस्थितियो से निपटने के लिए कांग्रेस शासनकाल मे डोंगरगाव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रूवातला, कन्हारडबरी, कोठीटोला व विचारपुर नवागांव मे सबस्टेशन का निर्माण कराया गया है जिसे चार्ज कर प्रारंभ नही कर पाए है।

## धर्मांतरण कराने वाले गिरोह से जुड़े लोग अब दुस्साहस कर रहे : भाजपा

**रायपुर , 7 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने धर्मांतरण का विरोध करने पर भिलाई में अवैध चर्च से हिन्दू संगठनों के सदस्यों पर हुए पथराव की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि इससे स्पष्ट है कि प्रदेश में धर्मांतरण कराने वाले गिरोह से जुड़े लोग अब दुस्साहस की सीमा पार करने लगे हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि बस्तर से लेकर सरगुजा तक और रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों में यह गिरोह अब तेजी से पैर पसार रहा है। गांवों तक में इनकी कुदृष्टि पड़ गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि हिंदू धर्म के लोगों को प्रलोभन देकर इस तरह के गिरोह मतांतरण करवा रहे हैं और इनका यह दुस्साहस इसलिए बढ़ा है क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा से ही धर्मांतरण को संरक्षण देने और तुष्टीकरण को बढ़ावा देने का काम किया है। कांग्रेस का प्रदेश में पिछला शासनकाल इस तथ्य की तस्दीक भी करता है। हिंदू संगठनों के विरोध का भी इन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है, उल्टे अब तो ये दुस्साहसी तत्व हिंसा करने पर उत्तारू हो गए हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि धर्मांतरण में लगे लोगों का गिरोह प्रदेश का सामाजिक ताना-बाना खराब करने पर तुले हुए हैं। स्थिति विस्फोटक है। श्री गुप्ता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जब सरकार थी और भाजपा धर्मांतरण का विरोध करती थी तो हमारे नारायणपुर जिला अध्यक्ष को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम लगाकर जेल में ठूँस दिया गया। बस्तर में शवों को जलाने, दफनाने को लेकर आपसी विवाद हो रहा है। सुकमा के एसपी ने इस विषय पर एक पत्र लिखा था कि क्षेत्र में धर्मांतरण तेजी से हो रहा है पर तत्कालीन मुख्यमंत्री बघेल की आँख नहीं खुली और उन्होंने इस पर घृणास्पद राजनीति करने का गंदा खेल खेला। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार द्वारा मतांतरण रोकने के लिए छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रावधानों को कड़ा बनाने की तैयारी किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि कुछ दिनों पूर्व जशपुर क्षेत्र में धर्मांतरण कराते पकड़े गए एक व्यक्ति ने पुलिस के समक्ष यह स्वीकारा कि व्यक्ति से लेकर परिवार तक का मतांतरण कराने पर अलग-अलग राशि दी जाती है.

## फरार पशु क्रूरता के आरोपी को पुलिस ने जबलपुर में किया गिरफ्तार

राजनांदगांव,7 मार्च।श्रीमान पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, के निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कृष्णा पाटले के नेतृत्त्व में 5 साल से फरार सोमनी थाना के अपराध क्रमांक 14/18 धारा 11 (घ) पशु क्रूरता अधिनियम 4,6,10 पशु परि अधिनियम के आरोपी सगीर अहमद पिता निजामुद्दीन उम्र 45 वर्ष निवासी मौदहा उपरौस जिला हमीरपुर यूपी का रहने वाला है विगत 5 वर्ष से आरोपी फरार था आरोपी की वाहन थाना सोमनी में जप्त किया गया था । पतासाजी हेतु थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक कृष्णा पाटले द्वारा टीम गठित कर उपनिरी0 जलालुद्दीन खान, सउनि इसराफिल खान, आर0 1138 मो. शाहबाज सिद्दीकी को ग्राम मौदहा उपरौस जिला हमीरपुर (यूपी) के लिए रवाना किया गया।




पतासाजी करने, जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि आरोपी सगीर अहमद चित्रकुट एक्सप्रेस से जबलपुर जाना वाला है, मुखबीर को साथ लेकर जबलपुर के लिये रवाना हुआ। जबलपुर पहुंचकर मुखबीर द्वारा बताए स्थान पर दबिश दी गई और आरोपी को जबलपर बस स्टैंड के पास धर-दबोचा गया । अग्रिम कार्यवाही के लिए रिमांड पर माननीय न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया।। आरोपी की गिर0 में उपनिरी0 जलालुद्दीन खान, सउनि इसराफिल खान, आर0 1138 मो. शाहबाज सिद्दीकी की सराहनीय भूमिका रही ।

## मारपीट के मामले में गिरफ्तार

**राजनांदगांव,7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)**।प्रार्थी कृष्णा सिंह गोड़ पिता स्व0 विजय राम गोड़ उम्र करीब 37 वर्ष निवासी जमातपारा वार्ड नं. 25 पुतरी पाठशाला के पीछे राजनांदगांव का दिनांक 05.03.2024 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका मौसेरा भाई हेमंत सिंह गोड़ को रात्रि




करीबन 21:00 से 21:30 बजे के मध्य सम्पत टेलर दुकान सदर लाईन राजनांदगांव शर्ट फिटिग की बात को लेकर गया था, सम्पत टेलर का बेटा उदित नारायण एवं उसके टेलर दुकान काम करने वाले कारीगरो एवं 6-7 लोगों के द्वारा एक राय होकर वाद विवाद कर अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नियत से हाथ मुक्का एवं प्लास्टिक के कुर्सी से मारपीट कर धारदार वस्तु से हेमंत सिंह को सीने, दाहिने जाघ, बाये पैर के घुटने के उपर एवं पीठ मे वार कर गंभीर चोट पहुचाना बताया की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली राजनांदगांव के अप0क्र0 160/24 धारा 147, 294, 323, 324, 506, भादवि0 कायम कर विवेचना मे लिया गया, अपराध कायमी की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया। आहत का डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया मुलाहिजा रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा संघातिक चोट लेख करने पर प्रकरण में धारा 307 भादवि0 समाहित किया गया। आरोपियो से पूछताछ पर अपराध स्वीकार करने पर आज दिनांक 06.03..2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव मे दाखिल किया गया।

## महापौर ने निगम के 28 लाख 50 हजार घाटे का बजट किया पेश

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**राजनांदगांव,7 मार्च.** राजनांदगांव महापौर हेमा देशमुख ने 28 लाख 50 हजार रुपए के घाटे का बजट पेश किया. इसके साथ ही शहर विकास के 17 बिंदुओं पर चर्चा हुई. नगर निगम के 51 वार्ड में पेयजल के लिए 2 करोड़, वार्डो की साफ सफाई, पाइप लाइन विस्तार, शौचालय मरम्मत, सड़क निर्माण जैसे कई विषय शामिल किए गए. बजट शुरू होते ही विपक्ष ने जमकर हंगामा शुरू किया. शहर की सफाई व्यवस्था, अधूरे निर्माण सहित कई मुद्दों को लेकर महापौर को विपक्ष ने घेरा.बजट से पहले सामान्य सभा के दौरान विपक्ष ने कई मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया. बजट बैठक में राजनांदगांव नगर निगम महापौर सहित सभी पार्षद और अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे.

**महापौर का दावा,घाटा किया आधा** - इस दौरान नगर निगम महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि यह मेरा पांचवां और अंतिम बजट है. जिसमें हमने कई बिंदु रखे हैं. जिससे शहर का विकास होगा. घाटे के बजट को लेकर हेमा देशमुख का कहना था कि घाटे का बजट बीस साल से आ रहा है.लेकिन हमारे कार्यकाल में इसे आधा किया गया है.अब तक बजट 55 लाख घाटे का चलता था.जिसे आधा कर दिया गया है.

**नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल** - वहीं नगर निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि महापौर का आखिरी बजट 28 लाख 50 हजार रूपये घाटे का बजट है. नगर निगम में पिछले 4 साल में आय के साधन नहीं बढ़े हैं. कई योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हुआ है. 4 साल में कुछ भी काम नहीं हुआ है. ये महापौर की असफलता है. आपको बता दें कि राजनांदगांव नगर निगम में बजट पेश हुआ. बजट में शहर विकास के 17 बिंदुओं पर चर्चा की गई.बजट में कई मुद्दों को लेकर चर्चा हुई. साथ ही विपक्ष ने महापौर को बजट को लेकर घेरा.




## यादव समाज सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

**राजनांदगांव,7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)**।गीता जयंती एवं यादव समाज सिंगदई सर्किल सम्मेलन सुरगी राजनांदगांव सुरगी में सिंगदई सर्किल



यादव समाज सम्मेलन एवं गीता जयंती शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलबीर सिंह छाबड़ा अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव अध्यक्षता रोहित चंदाकर पूर्व सरपंच भर्रेगांव विशेष अतिथि योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव रोशनी वैष्णव जनपद सदस्य राजनांदगांव मनीष साहू पार्षद महेश साहू पार्षद आंनद साहू सरपंच सुरगी पं होमेन्द दुबे ने गीता पुजा अर्चना कर शुभारंभ किया अतिथियों बैंच तिलक लगाकर अभिनंदन किया समाजिक बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया समाजिक में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सम्मान किया गया कुलबीर सिंह छाबड़ा ने आयोजित कार्यक्रम के बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा गीता जयंती मनाई जा रही है गीता उपदेश पालन करने भवसागर पार किया जा सकता है .

## प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुई महिलाएं

**राजनांदगांव , 7 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से स्वसहायता समूह, विभिन्न संगठनों की महिलाएं एवं जनप्रतिनिधि जुड़े रहे। प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों राजनांदगांव शहर के गांधी सभागृह एवं देवांगन भवन चिखली, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुरगी एवं घुमका, डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुरमुंदा और लालबहादुर नगर एवं नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, डोंगरगांव विकासखंड



के नगर पंचायत सभागृह, छुरिया विकासखंड के ग्राम कुमर्दा एवं नगर पंचायत छुरिया में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गांव एवं शहर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, उद्यमिता विकास, महिला सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता और शासकीय योजनाओं से जुड़ाव में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मातृशक्ति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राजनांदगांव के गांधी सभागृह में श्री नीलू शर्मा, श्री सुरेश एच लाल, श्री राजेन्द्र गोलछा सहित जिले में विभिन्न स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिला स्वसहायता समूह एवं विभिन्न संगठनों की महिलाएं उपस्थित थी।

## चंदे से मिले काले धन को छिपाने भाजपा एसबीआई का कर रही दुरुप्रयोग:कांग्रेस

**राजनांदगांव , 7 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में भाजपा के चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक मानते हुए उस पर रोक लगा दी गई है। न्यायालय द्वारा राजनैतिक दलों को इस योजना के तहत प्राप्त दान का खुलासा करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी चंदे की जानकारी 06 मार्च 2024 से पहले सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिए चुनाव में काले धन के खिलाफनिर्णायक कदम के तौर पर इस फैसले का सभी दलों द्वारा व्यापक स्वागत किया गया था। किन्तु केन्द्र में बैठी मोदी सरकार एसबीआई पर जानकारी साझा न करने का दबाव डाल कर उनसे 30 जून



तक का समय मांगा गया है।

इसी विषय के विरोध में शहर व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक के सामने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा जी व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू जी के संयुक्त नेतृत्व में केन्द्र सरकार के दोहरे चरित्र को उजागर करते हुए व भारतीय स्टेट बैंक पर डाले जा रहे दबाव को लेकर भारतीय स्टेट बैंक राजनांदगांव गंज चौक में दोपहर 12 से दोपहर 03 बजे तक एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर कांग्रेसजनों ने केन्द्र सरकार की तानाशाही रवैये को लेकर अपनी बात रखी। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने केन्द्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस तरह की तानाशाही किसी भी हाल में नहीं चलेगी। न्यायपालिका के आदेश पर भारतीय स्टेट बैंक को 06 मार्च 2024 तक सभी राजनैतिक दलों की चुनावी बांड योजना की जानकारी सार्वजनिक करने व चुनाव आयोग को सौंपने को निर्देश दिए हैं । उसे मोदी जी पीछे से एसबीआई के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखकर 30 जून तक देने की मांग की है ताकि चुनाव तक इलेक्टोरल बांड के माध्यम से आए पैसे को सार्वजनिक नहीं किया जाए। इस तरह कहा जाए तो यह लोकतंत्र की हत्या व सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना के समान है। श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि वर्ष 2017 में योजना की शुरूआत के बाद से राजनीतिक दलों को सामूहिक रूप से 12,000 करोड़ डॉलर से अधिक प्राप्त हुए अकेले भाजपा को 26,566,11 करोड़ प्राप्त हुए जो सभी बांड का 55 प्रतिशत है। स्पष्ट है कि भाजपा दानदाताओं के बारे में जानकारी सार्वजनिक होने के बाद चुनिंदा कॉरपोरेट्स के साथ अपने संबंधों के संभावित जोखिम को लेकर चिंतित है।

## राजू साहू ब्लाक कांग्रेस भखारा के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त, भखारा कुरूद कांग्रेस में हर्ष

**अंवरी,7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)**। ज़िला कांग्रेस कमेटी धमतरी अध्यक्ष शरद लोहाणा जी के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी सचिन पायलट जी,अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी वा संगठन के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदु, जिला प्रभारी विनोद तिवारी द्वारा ब्लाक युवा कांग्रेस भखारा के पुर्व अध्यक्ष राजू साहू को ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है विदित हो की पुर्व ब्लाक अध्यक्ष स्व मुकेश कोसरे जी के निधन से ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष पद रिक्त था आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए संगठन के कार्यो को सुचारू ढंग से संचालित करने हेतु पुर्व ब्लाक युवा कांग्रेस भखारा के अध्यक्ष राजू साहू को उनके संगठन के प्रति कार्यो को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिम्मेदारी सौंपी है राजू साहू के ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष नियुक्त होने पर शारदा लोकनाथ साहू, भरत नाहर, गोविन्द साहू,तारनी नीलम चंद्राकर, तपन चंद्राकर, आशीष शर्मा, होमेंद्र साहू, विनोद साहू.

## संपादकीय

# गलती करना और हारना विपक्ष की नियति है

देश में 2014 के बाद से जो भी चुनाव हो रहे हैं, उनमें विपक्ष ज्यादातर हार जाता है और कोई भी कारण बता देता है। उसके पास हार के एक से एक कारण होते हैं। वह कभी ईवीएम पर दोष थोप देता है, कभी चुनाव आयोग पर आरोप लगा देता है, कभी केंद्र सरकार पर झूठ कहकर चुनाव जीतने का आरोप लगा देता है। कभी सत्ता के दुरुपयोग कर चुनाव जीतने का आरोप लगा देता है। कभी जनता को मूर्ख बनाकर चुनाव जीत लेने का आरोप लगाता है। उसे कभी लगता ही नहीं है कि वह अपनी कमजोरी व गलतियों के कारण चुनाव हारता है, वह इसलिए चुनाव हारता है कि वह एकजुट नहीं है, वह हर जगह विपक्ष का एक प्रत्याशी खड़ा नहीं कर पाता है, इसलिए चुनाव हार जाता है। उसके पास एक बड़ा व भरोसे का नेता नहीं है, इसलिए चुनाव हार जाता है। उसके पास देश की जनता के लिए कोई कामन मिनीमम प्रोग्राम नहीं है, इसलिए हार जाता है। वह गलती करता है और चुनाव हार जाता है। अगर कोई यह कहता है कि गलती करना व हारना विपक्ष की नियति है तो वह गलत नहीं कहता है। विपक्ष में कई दल हैं और हर चुनाव में कोई न कोई दल ऐसी गलती है जिसका फायदा उठाकर भाजपा व मोदी चुनाव जीत जाते हैं।पहले यह काम अक्सर राहुल गांधी नहीं तो कांग्रेस के नेता करते थे।कभी कोई कांग्रेस नेता मोदी को चायवाला, नीच कह देता है तो उसे मोदी चुनाव में मुद्दा बनाकर चुनाव जीत लेते हैं। कभी राहुल गांधी चौकीदार चोर है का नारा देते हैं तो पीएम मोदी व भाजपा में भी चौकीदार का अभियान चलाकर चुनाव जीत जाते हैं। यह पीएम मोदी व भाजपा की सुनियोजित योजना बनाकर कमाल करना है। कोई दूसरा दल ऐसा नहीं कर पाता है। भाजपा की तरह कई मुद्दे तो विपक्ष को भी मिलते हैं लेकिन वह उसे पीएम मोदी की तरह कमाल नहीं कर पाते हैं। इस बार विपक्ष से गलती राहुल गांधी व कांग्रेस के किसी नेता ने नहीं बल्कि राजद के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव ने की है। विपक्ष जब एकजुट हो रहा, सीटों का बंटवारा हो रहा है, तो लालू प्रसाद को पटना में यह कहने की कोई जरूरत ही नहीं थी कि पीएम मोदी के बारे में ऐसा कुछ कहा जाता जिसे पीएम मोदी व भाजपा बड़ा मुद्दा बना लेते लेकिन गलती हर बार जैसे होती है वैसे ही इस बार हो गई। कह दिया लालू प्रसाद ने पीएम मोदी का कोई परिवार नहीं है। इसलिए परिवारवाद परिवारवाद करते रहते हैं। वह तो असली हिंदू नहीं है। क्योंकि मां के निधन पर उन्होंने सिर नहीं मूंडवाया। लालू सोच रहे थे कि न्होंने पीएम मोदी पर ऐसा हमला किया है कि वह इसका कोई जवाब भाजपा और पीएम मोदी दे नहीं सकेंगे। लेकिन हुआ उल्टा है, पीएम मोदी ने तेलंगाना की सभा में इसका जवाब दिया और कहा कि विपक्ष कहता है कहता है कि उनका कोई परिवार नहीं है।मैं देश को बता देना चाहता हूं कि पूरा देश मेरा परिवार है, देश की 140 करोड़ जनता मेरा परिवार है। मैं देश के लिए जीता हूं, मेरा एक एक पल देश के लिए काम करने के लिए है। विपक्ष ने सोचा था कि उसने पीएम मोदी को निरुत्तर कर दिया है लेकिन उनको लग रहा है कि अब तो गलती हो गई। इसका सीधा उपाय था कि विपक्ष के नेता इसे अपनी गलती मान लेते लेकिन सब मोदी के परिवार बयान को ही गलत साबित करने का प्रयास कर रहे है। कोई कहता है बेरोजगार युवक क्या मोदी के परिवार के नहीं है,क्या पहलवान मोदी के परिवार के नहीं है, क्या किसान पीएम मोदी के परिवार के नहीं है। मोदी ने कभी कहा नहीं कोई मेरे परिवार का नहीं है, उन्होंने तो पहलवान,बेरोजगार युवाओ, किसानों सबके लिए काम किया है। वह तो सबके लिए काम करते हैं, उनका तो नारा ही है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास। उन्होंने जो देश के लिए किया है, उसे जनता जानती है,वह जो देश के लिए करना चाहते हैं जनता को बताते रहते हैं। मोदी की ताकत यह है कि वह सकारात्मक मुद्दों की बात करते हैं। वह विपक्ष की आलोचना करते हैं, तो उनकी आलोचना में दम होता है, उसमें सचाई होती है। वह परिवारवाद को भ्रष्टाचार का प्रमुख कारण बताते हैं तो जनता को लगता भी है यह सच है और दिखता भी है, इसलिए जनता उनकी बात पर भरोसा भी करती है। विपक्ष की सबसे बड़ी कमजोरी यह है कि वह एकजुट नहीं है,उसके पास मोदी की टक्कर का एक भी नेता नहीं है। कोई सकारात्म मुद्दा नहीं है।वह सिर्फ मोदी की आलोचना कर चुनाव जीत लेना चाहता है, चुनाव जीतना इतना आसान नहीं है, यह बात विपक्ष को हारने के बाद तो समझ आ जानी चाहिए।

---

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च**

डॉ . सूर्यकांत मिश्रा

# महिलाएं खुद लिख रहीं अपनी गाथा



स्वच्छता दीदियों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण... भारतवर्ष एक संपन्न परंपरा और सांस्कृतिक मूल्य से समृद्ध देश रहा है । हमारे देश में महिलाओं का समाज में प्रमुख स्थान रहा है । ग्रामीण परिदृश्य में महिलाओं की बड़ी आबादी है । दुर्भाग्यवश मुगलों तथा अंग्रेजों के शासनकाल में समाज में अनेक कुरीतियां तथा विकृतियां पैदा हुईं , जिससे महिलाओं का उत्पीड़न हुआ ! हमारा देश जब आजाद हुआ तब इस तरह की विकृतियां धीरे-धीरे समाप्त होने लगी । महिलाओं का समाज में सम्मान दिखाई पड़ने लगा । बावजूद इसके उनके सशक्तीकरण की रफ्तार धीमी रही । गरीबी व निरक्षरता महिलाओं की प्रगति में बाधा बनती रही ! समाज ने यह स्वीकार कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल के माध्यम से महिलाओं को व्यवसाय की ओर प्रोत्साहित कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ किया जा सकता है । आज की भारतीय महिलाएं ऊर्जा से परिपूर्ण , दूरदर्शिता , जीवंत उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम दिखाई पड़ रही हैं । भारतवर्ष के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रविंद्रनाथ टैगोर ने कहा था -÷ हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी है , बल्कि इस रोशनी की लौ भी है । लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के माध्यम से सन 2030 तक पृथ्वी को मानवता के लिए स्वर्ग समान बनाना लक्ष्य किया गया है । वर्तमान में प्रबंधन , पर्यावरण संरक्षण , समावेशी , आर्थिक और सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों मे महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने व्यापक साधन जुटाए जा रहे हैं ।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 की थीम - उसकी गिनती करें - आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से लैंगिक समानता में तेजी लाना है । इस थीम के माध्यम से महिलाओं को कमाने , सीखने और नेतृत्व करने के समान अवसर प्रदान करना ही है । हम महिलाओं की भूमिका से मुख नहीं मोड सकते । एक बच्चा जब पैदा होता है तब उसे एक स्त्री ही संभालती है ,और वह होती है उसकी मां । जब तक वह बड़ा नहीं हो जाता तब तक उसकी देखभाल करने वाली भी एक लड़की के रूप में होती है जिसे हम कहते हैं बहन । जब वह स्कूल जाता है तो वहां चीजों को समझने से लेकर सहारा देने का काम भी एक स्त्री ही करती है वह होती है उसकी अध्यापिका । जब वह कुछ और बड़ा होता है । उसका जीवन मैं संघर्ष शुरू होता है , तब उसके संघर्ष में साथ देने वाली भी एक स्त्री ही होती है , और वह होती है उसकी जीवन संगिनी । रोज की मुश्किलों का सामना करते हुए आदमी कठोर होने लगता है, तब उसे निर्मल बनाने वाली भी एक लड़की ही होती है , और वह है उसकी अपनी बेटी । अंतिम रूप से जब आदमी की जीवन यात्रा समाप्त होती है , तब फिर उसका मिला होता है मातृभूमि अर्थात इस धरती माता से ,और वह उसके आंचल में समा जाता है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की है । महिला उद्यमियों के सामने आने वाली चुनौतियों को ढूंढकर दूर करने हेतु स्टैंडअप इंडिया और स्टार्टअप जैसी योजनाएं शुरू की गई है । अब एक महिला उद्यमिता मंच पोर्टल का गठन भी किया गया है । यह नीति आयोग की प्रमुख पहल है । इसी तरह स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं ने खुद को सशक्त बनाने का कार्य जारी रखा है । इसी के चलते महिलाओं की भूमिका अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी सामने आ रही है । देश में उद्योग और व्यापार जगत में भी महिलाओं ने बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लेना शुरू किया है । विगत कई दशकों से शासकीय सेवक के रूप में महिलाओ भागीदारी स्पष्ट रूप से सामने आती दिखाई पड़ रही है । विशेष रूप से देश के शिक्षा का जिम्मा महिलाओं के कंधों पर टिका देखा जा रहा है । स्कूली शिक्षा से लेकर कॉलेज तक की शिक्षा में महिलाओं ने शिक्षिका तथा प्रोफेसर के रूप में अपना योगदान जारी रखा है । अब तो स्थिति ऐसी हो चली है कि यहां तक कहा जाने लगा है कि शिक्षा के क्षेत्र में विकास की प्रमुख कड़ी महिला शिक्षिका ही हैं ! इसी तरह जिला कार्यालयों में भी महिला कर्मियों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं विकास में कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को भी इस देश की महिलाएं ही चला रही हैं । मिशन स्वच्छ शहर का संदेश , को स्वच्छता दीदियों ने अपने कंधों पर उठा रखा है । जब से इस अभियान की शुरुआत हुई है , शहरों में यहां - वहां कचरा फैला दिखाई नहीं पड़ रहा है । योजना को अंजाम तक पहुंचाने पहले चरण में स्वच्छता दीदियों को रिक्शे प्रदान किए गए थे । इन रिक्शों को खींचने में हाथ और पैर थक - हारकर चूर हो रहे थे । स्वच्छता दीदियों के इस दर्द को महसूस करते हुए शासन स्तर पर अब उन्हें ई - रिक्शा प्रदान किया गया है । हम देख रहे हैं , शहरों को साफ- सुथरा रखने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए स्वच्छता दीदियां प्रतिदिन सुबह से लेकर दोपहर तक घर -घर पहुंचकर कचरा इकट्ठा कर रही हैं । मौसम कितना भी विपरीत क्यों न हो , ये दीदियां अपनी ड्यूटी बजाना नहीं भूलती । कड़कड़ाती ठंड से लेकर घनघोर बारिश और तपती धरती ने भी इन्हें डरा पाने में खुद को असमर्थ पाया है ! सूखा और बेकार कचरा , प्लास्टिक का कचरा , स्वास्थ्य विभाग का अस्वास्थ्यकर कचरा और न जाने कितने प्रकार के कचरों को खुशी - खुशी निडरता पूर्वक घरों से उठाया जा रहा है । महत्वपूर्ण बात यह है कि स्वच्छता दीदियां अपनी माटी , आबादी ,शहर ,राज्य और देश को स्वच्छ बनाए रखने में निष्ठा पूर्वक सेवारत हैं । अलग-अलग उम्र और पृष्ठभूमि की महिलाएं खुशी और तृप्ति का अनुभव करती हैं ,जब वे समाज की सदभावना और विकास को आगे बढ़ाने वाली विविध जिम्मेदारियों को निभाती हैं । एक महिला खुद पर गर्व कर सकती है , जब वह एक नर्स के रूप में सेवा देकर बीमार इंसान का हौसला बढ़ाती है । एक महिला खुद को भाग्यवान समझती है , जब वह स्कूल में किंडर गार्टेन में छोटे - छोटे बच्चों को न केवल अक्षर ज्ञान कराती हैं वरन एक मां की भांति उनकी देखभाल भी करती हैं । दूसरी सबसे बड़ी बात यह कि वर्तमान में महिलाएं , आई पी एस ,आई ए एस ,आई एफएस के अलावा डॉक्टर , वकील ,जज , वैज्ञानिक ,पायलट, सेनाधिकारी के पद पर रहते हुए देश के विकास में अपना सर्वस्व दे रही हैं । मैं अपने इस लेख के माध्यम से सभी से यही निवेदन करना चाहता हूं कि विशेष कर स्वच्छता दीदियों के प्रति सहानुभूति रखते हुए उनके द्वारा पीने के लिए पानी मांगे जाने पर अपना कर्तव्य समझते हुए उनका गला जरूर तर करवाएं ।




---

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभिनव पहल : महतारी वंदन योजना

**श्रीमती नूतन सिदार, सहायक संचालक**

महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभिनव पहल : महतारी वंदन योजनामहिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने के लिए महतारी वंदन योजना एक कारगर कदम है। प्रदेश की महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इस योजना की शुरूआत की गई है। गांव से लेकर शहर तक महिलाओ में जबरदस्त उत्साह देखा गया। महिलाओं को इस योजना से प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि दी जाएगी। साल में कुल 12 हजार की राशि भी मिलेगी। महिलाएं घर चलाने के साथ-साथ ही घर की बजट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्हें घर की जिम्मेदारियों का निर्वहन करना बखूबी आता है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आर्थिक बल मिलेगा और उनके हाथों में एक राशि रहेगी। जिसका उपयोग वे कर सकेंगी। जगदलपुर शहर के लालबाग निवासी श्रीमती आसमती कश्यप ने स्थानीय हल्बी बोली में बताया कि हम सभी महिलाएं बहुत खुश है कि उनके खाते में प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि आएगी। इसका उपयोग साग-सब्जी तथा अन्य जरूरत के लिए कर सकेंगी। बस्तर की महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन की यह अनोखी पहल है।

आड़ावाल निवासी स्वाति राव ने कहा कि राशि का उपयोग अपनी जरूरी घरेलू सामान की पूर्ति करने के लिए करेंगी। आड़ावाल की श्रीमती कृष्णादेवी ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभिनव पहल : महतारी वंदन योजनाबलौदाबाजार नगर निवासी श्रीमती सुनीता यादव ने कहा सरकार ने प्रतिमाह 1 हजार रूपये देने का वादा किया था वह अब पूरा होने वाला है। आज मैंने महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन कर दी हूं। अब जो पैसा मिलेगा उसका उपयोग बच्चों की पढ़ाई एवं अन्य खर्चों के लिए करूंगी। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया श्री विष्णुदेव साय को महतारी वंदन योजना प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद देते हुए आभार जताया। इसी तरह कसडोल विकासखण्ड के ग्राम बल्दाकछार के विशेष पिछड़ी जनजाति निवासी श्रीमती तीजबाई कमार ने भी नजदीकी आंगनबाड़ी पहुंचकर महतारी वंदन योजना के लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि मैं दैनिक मजदूरी एवं किसानी कार्य कर पैसा कमाती हूं अब इसके साथ ही मुझे प्रतिमाह 1 हजार रूपये मिलेगा। जो मेरे अतिरिक्त आय का साधन होगा। मै इस पैसे का उपयोग अन्य दैनिक खर्चों में करूंगी। श्रीमती तीजबाई कमार ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। इसी तरह बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम परसाभदेर निवासी श्रीमती स्नेहा पैकरा ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए प्रारंभ की गई योजना महतारी वंदन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी महिलाओं से आवेदन करने की अपील की है।

गौरतलब है की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना का लाभ प्रदेश के मूल निवासी विवाहित, विधवा, तलाकशुदा और परित्यकक्ता महिलाओं को मिलेगा। इस योजना में शामिल होने के लिए परिवार की आर्थिक आय ढाई लाख रुपए से कम वार्षिक रखी गई है। इस योजना का लाभ विवाहित 21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं को मिलेगा। एक हजार रुपए सरकार की ओर से मिलना भी उनके आर्थिक विकास के लिए फायदेमंद साबित होगा। महिलाओं को मिलने वाली इस योजना का लाभ से उनके आर्थिक दशा में सुधार आएगी तथा यदि महिलाये कुछ पैसा बचा सके तो आगामी भविष्य के लिए उसका उपयोग कर सकती है।



---

**महिला दिवस**

# लैंगिक समानता का मूल चिंतन

**डॉ नीलम महेंद्र**



ईश्वर की बनाई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एकदुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तोवो परमसौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृतिहै जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हरजीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री कोउसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैंजैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम,त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्रीमें पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुणप्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री मेंपुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारीहोता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मीके रूप में आनपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है। देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढाने की प्रक्रियामें जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इनगुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव काअर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैंप्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वोभूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञउनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवानको नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दनथे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा हैजहाँ मैत्रैयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र दृष्टा विदुषी महिलाएंथीं तो कैकई जैसी रानीयां भी थी जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थींबल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं।लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत केबावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारोंको महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पढ़ रहे हैं। समझने वाली बात यह हैकि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करतेहैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बातकरें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्रमें अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल समाजसेवा होया राजनीति महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दमपर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं।आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों परमहिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिलाउद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तसवीर का एक रुख है। तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्टजिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कमवेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना हैकि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहींमिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट केअनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओंको काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52 वें नम्बर पर है। इसेक्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमेंमहिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करनेजैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिमपायदानों पर होते हैं।

जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्कवितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति और स्त्री उदारवादसे लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं। और यहीं हम विषय से भटक जाते हैं। क्योंकि उपरोक्त विमर्शों के साथ शुरू होता है पितृसत्तात्मक समाजका विरोध। यह विरोध शुरू होता है पुरुषों से बराबरी के आचरण के साथ। पुरुषों जैसे कपड़ों से लेकर पुरुषों जैसा आहार विहार जिसमें मदिरा पान सिगरेट सेवन तक शामिल होता है। जाहिर है कि तथाकथित उदारवादियों का स्त्री विमर्श का यह आंदोलन उदारवादके नाम पर फूहड़ता के साथ शुरू होता है और समानता के नाम पर मानसिक दिवालियेपन परखत्म हो जाता है। हमें यह समझना चाहिए कि जब हम महिलाओं के लिए लैंगिग समानताकी बात करते हैं तो हम उनके साथ होने वाले लैंगिग भेदभाव की बात कर रहे होते हैं।इस क्रम में समझने वाला विषय यह है कि अगर यह लैंगिग भेदभाव केवल महिलाओं द्वारापुरुषों के समान कपड़े पहनने या फिर आचरण रखने जैसे सतही आचरण से खत्म होना होता तोअमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे तथाकथित विकसित और आधुनिक देशों में यह कब का खत्म हो गया होता। लेकिन सच्चाईतो यह है कि इन देशों की महिलाएं भी अपने अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष कर रहीहैं। दरअसल महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब हम महिला अधिकारों के लिए लैंगिग समानताकी बात करते हैं तो उसके मूल में एक वैचारिक चिंतन होता है कि एक सभ्य और विकसित समाज अथवा परिवार अथवा एक व्यक्ति के रूप में महिलाओं के प्रति हमारा व्यवहार समान,हमारी सोच समान, हमारा दृष्टिकोण समान, समान कार्य के लिए उन्हेंदिया जाने वाला वेतन पुरुष के समान और जीवन में आगे जाने के लिए उन्हें मिलने वालेअवसर समान रूप से उपलब्ध हों। जिस दिन किसी भी क्षेत्र में आवेदक अथवा कर्मचारी कोउसकी योग्यता के दम पर आंका जाएगा ना कि उसके महिला या पुरुष होने के आधार पर, तभी सही मायनों में हममहिला दिवस जैसे आयोजनों के प्रयोजन को सिद्ध कर पाएंगे।

---

**महिला दिवस**

तमन्ना मतलानी

# हम हिन्द की हैं नारियां



हमारे भारत देश में आज के आधुनिक युग में महिलाओं को पुरुषों के बराबरी का स्थान हासिल है। स्त्री पुरुष समानता का भाव भी अब लोगों के दिलों में गहरा होता जा रहा है।एक समय ऐसा था जब स्त्रियों को केवल शोभा की वस्तु समझा जाता था , लेकिन स्त्रियों ने भी दिखा दिया है कि वह पुरुषों के मुकाबले में किसी भी क्षेत्र में उन्नीस नहीं है।

आज के आधुनिक युग में हम अगर स्त्रियों के स्थान की व्याख्या करना चाहें तो हमें शब्द कम पड़ जाएंगे। पश्चिमी देशों के साथ ही आज हमारे भारत देश में भी स्त्रियों ने दिखा दिया है कि वह हर वो कार्य कर सकती है जिसमें केवल पुरुषों का ही एकाधिकार समझा जाता था । आज महिलाओं ने बड़ी-बड़ी कंपनियों , बैंको तथा उद्योगों में सी.ई.ओ. का पद हासिल कर लिया है । रक्षा क्षेत्र में जहां स्त्रियों का जाना असंभव सा माना जाता था वहां पर भी स्त्रियों ने अपना दम-खम दिखा दिया है ।भारत की जल सेना, थल सेना तथा वायु सेना इन तीनों सेनाओं में स्त्रियों ने न केवल उच्च पद हासिल कर लिया है बल्कि उन्होंने अपने कौशल्य और बहादुरी के दम पर अपना एक विशेष स्थान भी बना लिया है। आज हम देख सकते हैं कि महिलाएं शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अपना एक अलग स्थान बना रही है। हम देख सकते हैं कि बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देने में पुरुषों के मुकाबले में एक महिला शिक्षिका अपना दायित्व ज्यादा जिम्मेदारी पूर्वक निभा रही है, क्योंकि यह शिक्षा वह *मां* बन कर देती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हम देखते हैं कि एक पुरुष डॉक्टर के साथ-साथ एक महिला परिचारिका की भी ख्याति होती रही है । यह सब मैं एक महिला होने के नाते नहीं कह रही हूं बल्कि आप स्वयं अनुभव कर सकते हैं । आज हमारे देश की लगभग आधी आबादी महिलाओं की है। आप स्वयं कल्पना कीजिए कि अगर महिलाओं को सिर्फ घर कार्य करने हेतु छोड़ दिया जाता तो हमारे देश की हालत महिला शक्ति के बिना क्या होती ? मैं अपनी बातों से पुरुषों की अहमियत को कम नहीं करना चाहती , मैं तो बस इतना ही कहना चाहती हूं कि ,देश की आधी आबादी अगर निष्क्रिय होकर केवल घर की शोभा बढ़ा रही होती तो हमारा भारत देश वह मुकाम शायद इतने थोड़े से वक्त में हासिल नहीं कर सकता था, जिस मुकाम पर आज हमारा देश खड़ा है। हमारे देश की आर्थिक उन्नति में महिलाओं का भी योगदान उतना ही है जितना कि एक पुरुष का है । देश के विकास में इतना अधिक योगदान होते हुए भी महिलाओं के लिए क्यों यह पंक्तियां सच साबित होती रहती हैं कि ......

क्यों है इसके जीवन में इतना हाहाकार?<br>
क्यों नहीं इसे स्वतंत्रता का अधिकार?<br>
क्यों बढ़ता जाए इस पर परिस्थितियों का अत्याचार?<br>
क्यों होता रहे इसके मान-सम्मान का पल-पल बलात्कार?<br>
है तमन्ना मिलकर करें सब महिलाओं का सत्कार।

मैं यह भी नहीं कहना चाहती कि सभी महिलाओं ने घर से बाहर जाकर हर क्षेत्र में अपना नाम ऊंचा किया है ।मैं तो सिर्फ इतना ही कहूंगी कि अगर पुरुषों ने अपने सामाजिक दायरे को बढ़ाया है तो उसके पीछे भी एक स्त्री का मजबूत और भावनात्मक सहयोग छुपा हुआ है । क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि अगर गृहणी अपने परिवार को पूरा सम्मान नहीं देती , बच्चों की पढ़ाई की ओर ध्यान नहीं देती , सास-ससुर को माता पिता का दर्जा ना देती , देवर-ननद को भाई-बहन जैसा प्यार ना देती तो क्या पुरुष निश्चित होकर इन सब दायित्वों का निर्वाह करते हुए अकेला ही सब कार्य कर सकता था ? जी नहीं बिल्कुल नहीं ,क्योंकि आज का पुरुष भी नारी के सहयोग के बिना अधूरा ही है। सच पूछो तो नारी को हम सर्वगुण संपन्न होने का दर्जा दे सकते हैं क्योंकि वह अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए, घर परिवार का पूरा ख्याल रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपना एक महत्वपूर्ण योगदान दे रही है ।अगर नारी कहीं नौकरी भी करती है तो वह अपने घर के दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वाह करते हुए अपने कर्म क्षेत्र को भी अपनाती है। गृहस्थ जीवन के दो पहिये माने गये है, एक पहिया पुरुष है तो दूसरे पहिये का स्थान नारी को हासिल है क्योंकि उसके बिना गृहस्थ जीवन अथवा परिवार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन बच्चों से पूछिए जिनके सर पर मां का हाथ नहीं है , उन पुरुषों से पूछिए जिनकी जीवन-संगिनी का अकस्मात निधन हो गया है , वे आप सभी को भली-भांति समझा सकते हैं कि जीवन में स्त्री का महत्व हर एक रिश्ते में कितना जरूरी है। मैं भी एक नारी हूं इसलिए नारी के रूप में निर्वाह किए गए अपने कर्तव्यों का मुझे पूर्ण ज्ञान है। मैं यह नहीं कह सकती कि नारी में कोई कमी नहीं होती पर अगर उसमें कोई कमी रह जाती है , तो वह उस कमी की पूर्ति अपनी दूसरी खूबी से कर लेती है।

एक नारी पुरुष के सहयोग के बिना भी अपना जीवन, अपना परिवार कुशल तरीके से चला सकती है यही उसकी पहचान है । भारतीय इतिहास से लेकर आज के वर्तमान युग तक हम नारी द्वारा किए गए कार्यों को भली-भांति देख सकते हैं... क्या हम झांसी की रानी के कौशल्य और वीरता को भुला सकते हैं ? क्या हम इंदिरा गांधी द्वारा पाकिस्तान के दो टुकड़े करने वाले साहसिक कार्य को विसरा सकते हैं ? क्या हम हमारे देश की पूर्व रक्षा मंत्री और वर्तमान में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की देश को मजबूती देने और उनके बुलन्द इरादों को हम अनदेखा कर सकते है? मैं अगर नारी शक्ति की व्याख्या करने बैठूंगी तो शायद कागज भी कम पड़ जाएंगे । कहने का एक छोटा सा अर्थ यह है कि , आज महिला दिवस के उपलक्ष में नारी के छोटे से योगदान को भी हमें याद रखना चाहिए । सभी स्त्रियों को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं.... आज के दिन नारी शक्ति से बस इतनी सी गुजारिश है कि वे अपने परिवार , समाज और देश के लिए अपने अंदर का बेहतर अर्पण करें और स्वयं को अबला न समझें क्योंकि अबला नहीं सबल है हम.... मैं भी एक नारी.........

---

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज रूके हुए काम पूरे हो सकते हैं। अचानक कहीं से धन लाभ हो सकता है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन आज का दिन बेहतर है। आज आपकी जिम्मेदारी बढ़ेगी। आज रचनात्मक कामों के लिहाज से समय अच्छा है। मन में कई नए विचार आ सकते हैं। किसी अनजाने के सहयोग से काम पूरा हो सकता है। कुछ लोगों का ध्यान आप पर रहेगा।

वृष राशि-आज आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। पैसों से जुड़ा आपने जो फैसला लिया था, आज उसके सुखद परिणाम मिल सकते हैं। तरक्की के कुछ ऐसे मामले सामने आएंगे, जिसमें जीवनसाथी की सलाह आपके लिये फायदेमंद रहेगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन काफी बढ़िया रहेगा। आज शाम को कोई अच्छी खबर सुनने को मिलेगी।

मिथुन राशि-आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रगति के लिए आज का दिन अनुकूल है। धन लाभ हो सकते हैं। परिश्रम का पूरा-पूरा लाभ मिलेगा। वैवाहिक समस्याओं का समाधान हो सकता है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कर सकते हैं। समाज में मान-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी।

कर्क राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवार में आज किसी सदस्य से थोड़ा विवाद हो सकता है। बेहतर होगा आज बेवजह किसी बातों में दखल देने से बचें। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज परीक्षा में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आप परिवार के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। व्यापार मध्यम स्तर पर रहेगा।

सिंह राशि-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज कोई बड़ा कदम उठाने से बचें। आपको कोई फैसला लेने में समयसा महसूस हो सकती है। आज कोई पुराना विवाद सामने आ सकता है। संतान की शिक्षा में उन्नति होने की संभावना है। पढ़ाई के प्रति उनकी गंभीरता बढ़ेगी।

कन्या राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप किसी काम में बेहतरीन परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया करेंगे। सफलता जरूर हासिल होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप स्वस्थ महसूस करेंगे। अगर आप निवेश करना चाहते हैं, तो किसी की मदद लें, अच्छा रहेगा। परिवार में किसी धार्मिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। किसी से उपहार मिल सकता है।

तुला राशि-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आपकी कुछ चिंताएं आपके लिए रूकावटें बन सकती हैं। अनियमित दिनचर्या के कारण आलस्य और थकान हो सकती है। अपने काम को न टालें। बेहतर होगा समय से काम पूरा कर लें। ओवर कॉन्फिडेंस जैसी स्थिति बन सकती है, इससे बचकर रहें। आपके जीवनसाथी के कामकाज को लेकर व्यस्तता आपकी उदासी का कारण बन सकती है।

वृश्चिक राशि-आज मित्रों के सहयोग से रूके हुए काम पूरे हो सकते हैं। घर पर अचानक कोई मेहमान आ सकते हैं। शाम तक घर में किसी छोटी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। पुराने दोस्तों से मिलने का मौका मिल सकता है। आपको बिजनेस में मुनाफा होगा। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बने हुए हैं। दूसरों के साथ खुशी बांटने से आपको बेहतर फील होगा। दुश्मन आज आपके प्रभाव से पस्त रहेंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपका अधिकतर समय बच्चों के साथ व्यतीत होगा। आप सकारात्मक रहेंगे और आपके मन में कई उम्मीदे भी बनी रहेंगी। कुछ नया काम करेंगे। अपने जीवन में अच्छा खासा सुधार कर सकते हैं। काम की पहले से योजना बनाना ज्यादा कारगर साबित होगा। करियर को लेकर लाभ मिलने वाला है।

मकर राशि-आज कोई नया काम शुरू करने से बचें। इस राशि के छात्रों को आज अधिक मेहनत करनी की जरूरत है। आज आपके कुछ काम अटक सकते हैं। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों को आज थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आप अपने विचारों और भावनाओं की अभिव्यक्ति बहुत अच्छी तरह कर सकेंगे।

कुंभ राशि-आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आपकी सेहत अच्छी रहेगी। भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। आपकी व्यक्तिगत समस्याएं हल होंगी। आज किसी भी काम के बारे में गहराई से विचार करेंगे, तो नतीजे आपके फेवर में आ सकते हैं। घर और ऑफिस दोनों जगह का माहौल आपके लिए खुशनुमा रहेगा।

मीन राशि-आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों में लग सकता है। शाम तक किसी धार्मिक आयोजन में भी जा सकते हैं। कामकाज से जुड़ी परेशानियां खत्म हो सकती हैं। आपको कोई सरप्राइज मिल सकता है। लाभ के साधनों में कमी आ सकती है।

# पीएम आवास में जहां प्रगति नहीं, सचिवों को मिली चेतावनी



**बीजापुर 7 मार्च।** जिला पंचायत सभागार में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमन्त रमेश नंदनवार ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पिछले सप्ताह की तुलना में जिन ग्राम पंचायतों में प्रगति नहीं आई है, उन ग्राम पंचायतों के सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में बिल्कुल भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी, समय सीमा के भीतर आवासों को पूर्ण किया जाना है। अगले सप्ताह भी प्रगति नहीं आने पर संबंधित पर कारवाई की जावेगी।

महात्मा गांधी नरेगा योजना की समीक्षा करते हुए जिला सीईओ ने कहा कि योजना में श्रमिक अपनी सुविधा अनुसार प्रातः कार्य जल्द प्रारंभ कर पूर्ण कर सकते है। इस कार्य के लिए प्रतिदिन 221 रुपए की मजदूरी दी जा रही है। वृद्ध और दिव्यांग जनों को उनकी क्षमता एवं सहूलियत के लिहाज से कार्य आबंटित करें आगामी लोकसभा निर्वाचन को मद्देनजर रखते हुए आदर्श आचार संहिता लागू होने की संभावनाएं है इसके चलते जल संवर्धन के कार्यों को प्राथमिकता से शामिल करते हुए उसे स्वीकृत कराने कार्यवाही करे । पंचायत में जन्म मृत्यु पंजीयन प्रमाण पत्र को गंभीरता पूर्वक समय सीमा में जारी करने निर्देशित किया गया। एसबीएम और अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई।दो पाली में आयोजित इस बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी मनीष सोनवानी सहित योजनाओं के शाखा प्रभारी, जनपद सीईओ, सहित ब्लाक स्तर के शाखा प्रमुख, तकनीकी अमले एवम ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## महतारी वंदन योजना बनी कौशल्या के उम्मीद की किरण

### मिली राशि को बच्चें के पढ़ाई में करेगी खर्च



**बीजापुर 7 मार्च ।** महतारी वंदन योजना से मिली राशि से अपने बच्चे को आगे पढ़ाने का स्वप्न संजोये कौशल्या भण्डारी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को बारम्बार धन्यवाद दे रही है।जैतालूर निवासी कौशल्या भण्डारी गृहणी है तथा उनके पति छोटे कास्तकार है। कौशल्या भण्डारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हम गरीब महिलाओं को ध्यान में रख कर महतारी वंदन योजना के तहत हर महिना एक हजार रूपये देने की योजना लाई है। इससे हमारे जीवन में उम्मीद की एक किरण नजर आ रही है। इस योजना से मिली राशि हमारे बच्चों को पढ़ाई को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, बच्चे के अच्छे पोषण आहार में इस पैसे का उपयोग करूंगी और मेरा परिवार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को बारम्बार धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

## एक नजर

### गुण्डाधुर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना बी प्रमाण पत्र परीक्षा हुई



**कोण्डागांव, 7 मार्च।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के द्वारा प्राचार्य डॉ सी आर पटेल, जिला संगठक श्री शशिभूषण कन्नौजे, कार्यक्रम अधिकारी श्री समलेश पोटाई एवं रासेयो विशेष सलाहकार श्री हनी चोपड़ा के मार्गदर्शन में दिनांक 29 फरवरी 2024 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के बी प्रमाण पत्र परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में 23 स्वयंसेवक शामिल हुए, जिसमें बाह्य परीक्षक के रूप में जिला संगठक श्री शशिभूषण कन्नौजे का आगमन हुआ और उनके द्वारा स्वयंसेवकों को रासेयो से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछा गया साथ ही साथ विभिन्न जानकारियां भी दिया गया, और स्वयंसेवकों को अग्रिम वार्षिक परीक्षा हेतु मार्गदर्शित किया। परीक्षा को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयंसेवक मुकेश पोयाम, देवेंद्र सेठिया, जिगेश कोमरे, द्रोणा प्रसाद, प्रियंका सोरी, रयतू कश्यप, बिंदिया नेताम, भावेश पोयाम, दिशा नेताम, मुकेश कुमार, मनेश एवम् सूर्यप्रकाश का विशेष योगदान रहा। बी प्रमाण पत्र परीक्षा में परीक्षार्थी स्वयंसेवक मनीषा नेताम, लक्ष्मी, विशाल, लक्ष्मीनाथ, महिमा, मोतीन, अंजू पटेल, भुनेश्वर पोयाम, अजय, संजय कुमार, बलराम, नागेश, जयलाल, संध्या, प्रमिला, हरिचंद, मंगोती, संजय कोर्राम, चांदनी, लिशा, मूंजी, मिनिता एवम् सुखलाल आदि शामिल हुए। महाविद्यालय में बी प्रमाण पत्र परीक्षा के साथ साथ रासेयो का एक दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित किया गया था जिसमे साथी स्वयंसेवक बरखा नाग, खिलेंद्र, ओमप्रकाश, अंजू बॉस, कशिश यादव, डोलेश्वरी, डॉली ठाकुर, दुर्गेश, प्रतिभा एवं धनसाय उपस्थित रहे।

### उत्कर्ष योजना अंतर्गत लिखित परीक्षा 10 मार्च को

**कांकेर, 7 मार्च।** पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना 2024-25 अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा 10 मार्च 2024 दिन रविवार को समय दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगा। लिखित परीक्षा हेतु विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र के साथ निर्धारित परीक्षा केन्द्र में आधा घंटा पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य है। उत्कर्ष योजना 2024-25 के परीक्षा परिणाम की घोषणा 10 मार्च को ही की जाएगी एवं 14 मार्च को कार्यालयीन समय तक दावा आपत्ति कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

### वनाधिकार प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष ग्रामसभा 9 मार्च को

**कांकेर, 7 मार्च।** समाधान शिविर में प्राप्त नवीन वनाधिकार के प्रकरणों के निराकरण हेतु अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) के तहत् आवश्यक कार्यवाही किए जाने ग्रामों में 09 मार्च को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि विशेष ग्रामसभा का आयोजन सुनिश्चित कर अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त कर व्यापक प्रचार-प्रसार करें। साथ ही विशेष ग्राम सभा सम्पन्न होने के उपरांत निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन सहायक आयुक्त (आदिवासी विकास शाखा) को 11 मार्च तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं जाएंगे अधिकारी-कर्मचारी

**कांकेर, 7 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिना अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करने हेतु आदेश जारी किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किए जाने की तिथि से जिला स्तर पर समस्त शासकीय एवं राज्य शासन के विभागीय इकाईयों, उपक्रमों में कार्यरत कोई भी जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमति के बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा मुख्यालय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। अवकाश का प्रकरण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के सहमति हेतु सिर्फ उस स्थिति में भेजा जाए, जब संबंधित अधिकारी-कर्मचारी का अवकाश पर जाना अत्यन्त आवश्यक हो, अन्यथा उनका अवकाश आवेदन अस्वीकार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### धनेलीकन्हार में हुआ शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का आयोजन

**कांकेर, 7 मार्च।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्व सहायता समूह सशक्तिकरण के उद्देश्य से शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम का आयोजन जिले के विभिन्न गांव में हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का लाईव प्रसारण किया गया। इसके तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कांकेर विकासखंड के ग्राम धनेलीकन्हार में हुआ, जिसमें कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।विधायक श्री नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने लखपति दीदी जैसे कई योजनाएं शुरू की गई है। साथ ही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा महतारी वंदन योजना लागू की गई है। आज गांव की महिलाएं स्व सहायता समूह से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं

### योग एवं खेल प्रशिक्षक भर्ती के लिए पात्र-अपात्र की सूची जारी

**कांकेर, 7 मार्च।** जिले में संचालित 09 पीएमश्री विद्यालयों में अंशकालीन योग शिक्षक एवं खेल प्रशिक्षक को 03 माह के लिए 10 हजार रूपए मानदेय से नियुक्ति किया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से फार्म मंगाए गए थे।

## सफाई कर्मचारियों की मेहनत पर पानी फेर रहे बाहर कचरा फेंकने वाले



पत्थलगांव, 7 मार्च। नगर पंचायत के तीन दर्जन से भी अधिक सफाई कर्मचारी रोज सुबह शाम कडी मेहनत कर गली मौहल्ले मे पडे कचरो को उठाकर साफकरने का काम करते है। नगर पंचायत की ओर से सफाई कर्मचारियों के वेतन मे हर रोज लगभग 19 हजार रूपये एवं माह मे लगभग साढे पांच लाख रूपये खर्च किये जाते है,परंतु 36 कर्मचारीयों की मेहनत एवं माह के साढे पांच लाख रूपये पर यहा के कुछ नासमझ लोग घर के बाहर कचरा फेंककर चुना लगाने का काम कर रहे है। दरअसल इन दिनो शहर के कुछ गली मौहल्लो मे कचरे का अंबार लगा आसानी से देखा जा सकता है,ऐसा नही है कि सफाई कर्मचारी कचरा साफ नही करते,परंतु कुछ जिददी व्यापारीयों की बदौलत मौहल्ले मे दिनभर कचरा पसरे रहकर गंदी सडांध उत्पन्न हो रही है,ऐसा नजारा व्ही.आई.पी मौहल्ला कहा जाने वाला गुरूद्वारा रोड का है,जहा जगह-जगह लगा कचरे का ढेर स्वच्छ भारत मिशन की छबि खराब करने का काम कर रहा है। यहा के गुरूद्वारा रोड मे पुराना तहसीलदार के घर के सामने पिछले छः माह से कचरे का ढेर स्वच्छ भारत मिशन का मुंह छिडा रहा है। कुछ व्यापारियों द्वारा सडक किनारे कचरा लाकर इकटठा कर दिया जाता है,जिसके कारण स्वच्छ भारत मिशन के साथ-साथ व्ही.आई.पी मौहल्ला की छबि भी खराब हो रही है। दरअसल गुरूद्वारा रोड मे सिक्खो का गुरूद्वारा होने के साथ-साथ अनेक बडे अफसरो के निवास स्थित है,परंतु उसके बाद भी इस मौहल्ले मे कचरे का अंबार लगना आम बात हो चुकी है। देश मे एक ओर स्वच्छ भारत अभियान चलाकर जोर शोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है तो वही दूसरी ओर नगर पंचायत क्षेत्र के कुछ चुनिंदा वार्ड के गली मौहल्लो मे व्यापारियों द्वारा फैलायी जा रही इस तरह की गंदगी देखकर पता चलता है कि स्वच्छ भारत अभियान नगरीय क्षेत्र मे आकर किस प्रकार दम तोड रहा है।।

खर्च बचाने मे शहर अव्वल-ःआस-पास की नगर पंचायतो की अपेक्षा शहर के लोग कचरा बाहर फेंकने मे सबसे आगे है,ये ऐसा कर शासन के राजपत् का भी अपमान कर रहे है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत डस्टबिन मे कचरा एकत्रित करने के बाद उसे नगर पंचायत की वाहन मे देने के लिए भारत के राजपत् मे कुछ मूल्य का निर्धारण किया गया है,इस रकम को मंथली तौर पर घर एवं अन्य प्रतिष्ठानो से लेकर उसे महिला सफाई कर्मचारीयों के बीच तनख्वा के रूप मे दिया जाना है,इस पूरे कार्य को राजपत् मे वर्गफीट के अनुसार बांटा गया है,परंतु शहर के लोग इस निर्धारित रकम को बचाने के चक्कर मे राजपत् का अपमान करने के अलावा समुह की महिला सफाई कर्मचारीयों की तनख्वा पर भी सेंध मारने का काम कर रहे है।।

शहर का विकास अधूरा-ःशहर के लोग मूलभूत सुविधाओ से काफी पीछे है,सफाई के काम मे खर्च होने वाले रूपये यदि लोगो की मूलभूत सुविधाओ के विस्तार मे लगते तो आज शहर की स्थिती कुछ और होती,परंतु लोगो की जागरूकता के अभाव के कारण वे स्वयं मूलभूत सुविधाओ से दूरी बना रखे है। मिली जानकारी के अनुसार लोगो को डस्टबिन मे कचरा डालने के लिए अनेक बार नगर पंचायत की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया है,परंतु इसके बाद भी शहर के बुद्धिजीवीयों का एक बडा वर्ग घर व दुकान से निकलने वाले कचरे को डस्टबिन मे जमा करने की अपेक्षा उसे बाहर फेंकने मे अपनी शान समझते है,जिसके कारण लाखो रूपये हर माह शासन के कचरा एकत्रित करने मे व्यर्थ हो रहे है।।

--कचरा बाहर फेंकने वाले व्यापारियों को चिन्हांकित कर जुर्माना की कार्यवाही की जायेगी,उसके बाद भी कचरा बाहर फेंका जाता है तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही का प्रावधान तैयार किया जायेगा।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने सिलाई का दिया जा रहा प्रशिक्षण

**महासमुंद,7 मार्च ।** महिलाओं को आर्थिक तंगी ना हो और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार कई प्रकार की योजनाएं चला रही है। ज़िला महासमुंद के लाइवलीहुड कॉलेज बिरकोनी में लाइवलीहुड डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत 20 युवतियाँ व महिलाओं को सिलाई का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के बाद इन महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। संबंधित अधिकारियों द्वारा स्वरोजगार से संबंधित जानकारी दी जा रही है। महिलाओं को उद्योग विभाग ग्रामोद्योग तथा जिला अंत्यावसायी विभाग में संचालित योजनाओं के माध्यम से ऋण एवं अनुदान प्राप्त कर स्वयं का रोजगार कर भी सकते है। ज़िला प्रबंधक उद्योग एवं स्वरोज़गार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान कर पंजीयन के लिए आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनाओं में पंजीयन उपरांत पात्र युवाओं को निःशुल्क 5 से 6 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत उन्हें एवं लघु मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा 15 हजार रूपये का किट दिया जायेगा एवं 1 से 2 लाख तक का लोन मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

## केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बीमा कर्मचारी निकालेंगे रैली

### 11वां वार्षिक अधिवेशन की चल रही तैयारी




**पत्थलगांव, 7 मार्च।** बिलासपुर डिवीजन के इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसियेशन द्वारा 10 मार्च से लेकर 11 मार्च तक शहर मे अपना 11वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है,जिसमे बतौर मुख्य अतिथी ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसियेशन के महासचिव श्रीकांत मिश्रा यहा आ रहे है। उसके अलावा विशिष्ट अतिथी के रूप मे धर्मराज महापात्र एवं सुरेन्द्र शर्मा भी मौजुद रहेंगे। आयोजक शाखा ईकाई पत्थलगांव के अध्यक्ष विजय पटवा ने बताया कि यह अधिवेशन बिलासपुर डिवीजन के इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसियेशन मे कार्यरत समस्त सदस्यों के लिए आयोजित किया गया है,जिसमे उनके अधिकार एवं अधिकारो के हनन के संबंध मे चर्चा के साथ कार्यवाही की रूपरेखा बनायी जायेगी। उन्होने बताया कि वर्तमान मे केन्द्र सरकार द्वारा बीमा कंपनीयों का निजीकरण किया जा रहा है। साथ ही एल.आई.सी के आई.पी.ओ,श्रम कानूनो का संहिताकरण,केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियां,बढती महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ विशाल जनरैली का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि जनरैली 10 मार्च दिन रविवार को सुबह 10.30 बजे भाटिया लॉन सरस्वती शिशु मंदिर रोड से निकाली जायेगी,जिसमे केन्द्र सरकार द्वारा बीमा कंपनीयों का निजीकरण के अलावा अन्य मांगे रैली के माध्यम से बुलंद की जायेगी। उनका कहना था कि केन्द्र सरकार द्वारा जिस प्रकार बीमा कंपनीयों का निजीकरण किया जा रहा है,उससे इस क्षेत्र मे काम करने वाले लाखो लोगो के सामने बेरोजगारी का संकट छा जायेगा। उनका कहना था कि बीमा कंपनीयों का निजीकरण होने से जो जीवन के बाद के लिए अपनी मेहनत की कमायी इंश्योरेंस कंपनी मे जमा कराती है,वह पैसा शेयर बाजार मे विलोपित कर दिया जायेगा,जिससे आदिवासी अंचल के लाखो लोगो की कमाई शेयर मार्केट मे लगकर उनके रूपये पूरी तरह बर्बाद हो जायेंगे।।

## 3 बाइक चोर गिरफ्तार,7 बाइक बरामद



भिलाई, 7 मार्च। भिलाई मोटर साइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश कर चोरी की 7 मोटर साइकिल बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है शातिर चोर भिलाई क्षेत्र के अलावा दूसरे जिलों में भी मोटर साइकिल चोरी की है भिलाई नगर टीआई राजकुमार लहरेने बताया कि जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन अपराधियों पर भी निगाह रखी जा रही थी इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि विकास क्षत्रिय (21 वर्ष) निवासी शांति नगर सब्जी मंडी धमधा नाका दुर्ग एवं थानेश्वर विश्वकर्मा उर्फ राजा (26 वर्ष ) निवासी सेक्टर 7 सड़क 40 नामक व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल चला रहे हैं सूचना पर टीम ने महाराणा प्रताप चौक भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास पर घेराबंदी कर विकास क्षत्रिय एवं थानेश्वर विश्वकर्मा को डिस्कवर मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा पुलिस ने विस्तृत पूछताछ करने पर उपरोक्त वाहन को चोरी का होना स्वीकार किया पूछताछ के दौरान पुलिस को यह भी पता चला कि विकास, थानेश्वर एवं उनके मित्र इंद्र कुमार (21 वर्ष ) निवासी शांति नगर सब्जी मंडी धमधा नाका दुर्ग के पास और भी मोटरसाइकिल चोरी कर रखा होना बताया आरोपी विकास एवं थानेश्वर के बताएं अनुसार इंद्र कुमार को टीम ने पकड़कर पूछताछ करने पर मोटरसाइकिल चोरी कर रखना स्वीकार किए। आरोपियों की निशान देही पर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 7 मोटर साइकिल जब्त किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि इन गाड़ियों को डोंगरगढ़, डोंगरगांव और रायपुर तथा पुलगांव वृंदावन होटल के सामने से एक-एक मोटरसाइकिल एवं भिलाई नगर थाना क्षेत्र से तीन वाहनों को चोरी करना स्वीकार किया है

### बाल्टी के पानी में डूबने से बच्ची की मौत

**भिलाई, 7 मार्च।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र घर के आंगन में रखे पानी से भरी बाल्टी में डूबने से देढ़ साल की बच्ची की मौत हो गई ढांचा भवन कुरुद में यह घटना देर शाम को हुई मृतका बच्ची अपर्णा केशरवानी पिता अतुल केशरवानी का शव आज पोस्ट मार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है जामुल टीआई केशव राम कोशले ने बताया कि ढांचा भवन कुरुद निवासी अतुल केशरवानी केटरिंग का काम करता है। उनके घर पर बुधवार शाम को कुछ मेहमान आए थे। इसलिए घर पर लिट्टी चोखा बनाया जा रहा था। घर के सभी लोग उसी में व्यस्त थे और देढ़ साल की बच्ची अपर्णा आंगन में खेल रही थी। खेलते खेलते ही वह आंगन में रखे पानी से भरी बाल्टी में सिर के बल गिर गई। कुछ देर बाद अतुल केशरवानी के घर पर आई रिश्तेदार महिला हाथ धोने के लिए बाहर निकली। उसकी नजर पानी से भरी बाल्टी में गिरकर छटपटा रही अपर्णा पर पड़ी तो उसने बाहर निकालकर शोर मचाया। शोर सुनकर अतुल केशरवानी और उसकी पत्नी बाहर निकले और बच्ची की हालत देखकर बदहवास से हो गए। आनन फानन में अपर्णा को स्पर्श हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मौत हो जाने की पुष्टि कर दी हॉस्पिटल की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को मरच्यूरी भेज दिया। जहां आज पोस्ट मार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया

## पीएम विश्वकर्मा स्कीम के तहत सिलाई प्रशिक्षण के असससेस्मेंट के साथ प्रथम बैच का समापन



**सुकमा, 7 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज दिनाँक 05 मार्च 2024 को पी एम विश्वकर्मा स्कीम के तहत चल रहे जे.जे.एस. परिसर बीजापुर मे सिलाई प्रशिक्षण का असससेस्मेंट के साथ प्रथम बैच समापन किया गया। इस प्रथम बैच का प्रशिक्षण आरंभ दिनाँक 29 फरवरी 2024 से 04 मार्च 2024 तक था, इस बैच में कुल 32 प्रशिक्षु उपस्थित थे। इस दौरान निदेशक, जे.जे.एस. बीजापुर श्री अभिषेक अवस्थी ने अपने उदबोंदन मे कहा कि पी एम विश्वकर्मा योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक योजना है, जो पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाने के लिए शुरू किया गया है। इस योजना में उन्हें आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण और मार्केटिंग मे सहूलियत मिलेगी इसके अलावा योजना मे कुल 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय करने वालों को पुरानी तकनीक से ऊपर उठकर आगे नई तकनीक के साथ काम करने के बारे मे विभिन्न जिलों में सिखाया जा रहा है इस कड़ी मे जे.जे.एस. बीजापुर मे भी वर्तमान मे दर्जी व नाई के कार्य करने वालों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह ट्रैनिंग बैच अनुसार कारीगरों को 5-6 दिनों तक दी जाती है और सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है साथ ही टूलकिट व 500 रुपये प्रतिदिन प्रोत्साहन राशि के रूप मे लाभार्थी के खाते में भारत सरकार द्वारा देने का प्रावधान है। इसमे लाभार्थी की दैनिक उपस्थिति बॉयोमीट्रिक द्वारा ली जाती है। अब तक जे.जे.एस. बीजापुर मे दर्जी व नाई के जॉब रोल मे 150 से अधिक लोगों का वेरीफिकेशन कर लिया गया है। इस प्रथम बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यालय के सभी कर्मचारीगण तथा प्रशिक्षण केंद्र के ट्रैनर, आंकलनकर्ता व प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## ग्राम मुरतोंडा में मनाया गया सरसों खेत दिवस



**सुकमा, 7 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र सुकमा द्वारा ग्राम मुरतोंडा में समूह अग्रिम पंक्ति तिलहन फसल प्रदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह सरसों खेत दिवस का आयोजन किया गया। विदित हो कि इस वर्ष रबी 2023-24 में कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जिले के किसानों के खेतों में 50 एकड़ क्षेत्रफल में सरसों का प्रदर्शन लगाया गया है। कार्यक्रम डॉ एन. के. चौबे, प्रोफेसर, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय,रायपुर के मुख्य आथित्व एवं डॉ जी. पी. आयाम, सहायक प्राध्यापक, कार्यालय निदेशक विस्तार सेवाएँ , इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय,रायपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, सरसों का प्रदर्शन लगाने वाले जिले के करीब तीस कृषकों के साथ साथ कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, एच. एस. तोमर, विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री आर. पी. कश्यप, डॉ. परमानंद तथा मनोज कुमार बघेल एवं ज्योतिष कुमार पोटला सहित सभी कर्मचारी उपस्थित थे, कार्यक्रम में रायपुर से आए डॉ. चौबे सर ने विस्तार से सरसों फसल की उन्नत खेती की जानकारी दी एवं पूरी टीम ने कृषकों के खेत में जाकर सरसों फ़सल का अवलोकन तथा निरीक्षण किया, डॉ. आयाम ने सुकमा जिले मे पाई जाने वाली मिट्टी के हिसाब से फसलों और किस्मों के चयन तथा पोषक तत्व प्रबंधन के बारे मे विस्तार से बताया गया।

## भाकपा की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**सुकमा, 7 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी बस्तर संभागीय कमेटी की बैठक दिनांक 6 मार्च 2024को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कार्यालय शांति नगर जगदलपुर में का राजेश संधु के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पार्टी संगठन लोकसभा चुनाव का मनीष कुंजाम जी के स्तीफा पृथक बस्तर राज्य छठवीं अनुसूची आदि मुद्दो पर विस्तार से चर्चा किया गया है।गहन विचार के बाद निम्नलिखित फैसला लिया गया है 1/का मनीष कुंजाम जी भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी बस्तर संभागीय कमेटी के संयोजक पद पर रहकर पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेंगे।संभागीय कमेटी ने सभी पदो पर यथावत काम करने की अपील की पर नहीं माने संभागीय स्तर पर पार्टी में काम करने की सहमति बनी। विदित हो कि केन्द्रीय पार्टी द्वारा विगत विधानसभा चुनाव में जानबूझकर समय पर चुनाव चिन्ह आबंटन हेतु केन्द्रीय निर्वाचन आयोग को आवेदन पत्र नहीं दिया जिसके कारण बस्तर संभाग में सभी विधानसभा चुनाव में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के प्रत्याशियों को निर्दलीय चुनाव लड़ना पड़ाकोंटा विधानसभा सीट में जीत निश्चित थी।इसी बात नाराज होकर कुंजाम जी केन्द्र स्तर के पदों से हटने का फैसला किया है।2/ 31 मार्च 2024तक पार्टी सदस्यता नवीनीकरण पूर्ण करने का फैसला लिया गया है।3/लोक सभा चुनाव 2024मे बस्तर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र मे चुनाव लडने की सहमति हुई और संभावित प्रत्याशियों में का फुल सिग कसलाम नारायणपुर का बोमडाकवासी दंतेवाड़ा का नाम तय किया गया है। 4/12 मार्च 2024को किरंदुल बचेली में पृथक बस्तर के विषय पर का मनीष कुंजाम जी बुद्धि जीवियों से विचार विमर्श करेंगे। इसके अलावा देश की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक मेमुख्य रूप से का मनीष कुंजाम का तिलक पांडे का का फुल सिंग कसलाम का रामूराम मौर्य का मंगल कश्यप का कमलेश झाड़ी का लक्ष्मी नारायण का के साजी का राजेश संधु का शंकर राव का वहीलोचन श्रीवास्तव का बारसा का तेलाम का जीतेन्द्र सोरी का नेगी का बोमडा कवासी का हडमा मरकाम का कवासी हांदा का देवासोडी का शैलेन्द्र कश्यप का गंगा बघेल का रामा सोडी इसके अलावा सं़भाग भर से संभागीय कमेटी सक्रिय साथी उपस्थित थे ।

## छुटवाई में नवीन सुरक्षा कैंप की स्थापना



**बीजापुर, 7 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 153 वी वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, चिन्नाकोड़ेपाल, बीजापुर (छत्तीसगढ़) द्वारा थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत छुटवाई में दिनांक 03/03/2024 को एक नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया, जिससे क्षेत्र में यह संदेश फैला है कि सुरक्षाबल जनमानस की सहायता, सहयोग एवं उनके सुरक्षा के लिए है। नवीन सुरक्षा कैम्प के स्थापना के बाद क्षेत्र के विकास को नया आयाम मिलेगा साथ ही शासन की कल्याणकारी योजना जन मानस तक पहुंचेगा। नवीन सुरक्षा कैंप स्थापना से ग्रामवासियों में खुशी की लहर है। 153 वाहिनी केरिपु द्वारा छुटवाई गांव में चिकित्सा कैम्प लगाया गया। चिकित्सा कैम्प में छुटवाई के ग्रामीणों एवम् बच्चों को निश्शुल्क दवा वितरण एवं उचित इलाज कर सहायता प्रदान किया गया।

## एक नजर

### महाशिवरात्रि पर्व पर 8मार्च को 8 बजे से विशेष पूजन अनुष्ठान

**महासमुंद।** महाशिवरात्रि पर्व पर विशाल मेगामार्ट परिसर बीटीआई रोड महासमुंद में 8 मार्च को रात्रि 8 बजे से शिव की विशेष पूजा और अभिषेक का कार्यक्रम आयोजित है। क्षेत्र का विकास, जन आरोग्य और जन-जन की समृद्धि के निमित्त आयोजित इस विशेष अनुष्ठान में महासमुन्द क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और उनकी धर्मपत्नी प्रिया विशेष रूप से शामिल होंगी। आयोजन की तैयारी में जुटे शिवभक्तों ने बताया कि देवाधिदेव महादेव की महाशिवरात्रि पर पूजा-अर्चना, अभिषेक करने के लिए 108 युगल (पति-पत्नी) का पंजीयन किया जा रहा है। नगरवासियों से अपील की गई है कि पहले आओ-पहले पाओ के क्रम में 108 लोगों को विशेष अनुष्ठान का अवसर मिलेगा। रात्रिकालीन महाशिवरात्रि पूजा अभिषेक 11 आचार्यों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। विशेष पूजन में भाग लेने के इच्छुक शिवभक्त, श्रद्धालुओं से आयोजक मण्डल ने आग्रह किया है कि मोबाइल नंबर 9165744556, 9399998687 पर कॉल करके दम्पत्ति अपना पंजीयन करा सकते हैं। इससे विशेष अनुष्ठान को संपन्न कराने और बैठक व्यवस्था में सुविधा होगी।

विधायक ने श्रद्धालुओं से किया विनम्र आग्रह विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने श्रद्धालुओं से विनम्र आग्रह किया है कि महाशिवरात्रि पूजा में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें। शिव आराधना से मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए यह सुनहरा अवसर है। उल्लेखनीय है कि बीते कई वर्षों से इस स्थल पर शिव आराधना और महाशिवरात्रि पर्व पर विशेष पूजन अनुष्ठान किया जाता रहा है। इस बार आयोजन को और भी भव्य बनाने में श्रद्धालु और आयोजक मण्डल के लोग जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि महाशिवरात्रि का पर्व सनातन संस्कृति में भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को महाशिवरात्रि का पर्व हर साल परंपरागत उल्लास के साथ मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग (जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है) के उदय से हुआ। इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव व माता पार्वती की विशेष पूजा होती है।

### सूर्यमुखी एवं सरसों फसल की समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन का दल ने किया निरीक्षण



**रायगढ़, 7 मार्च।** कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा डॉ.एस.आर.के.सिंह, निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोन-9, जबलपुर एवं डॉ.अजय वर्मा, निदेशक विस्तार सेंवाये, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के निर्देशन एवं डॉ. बी.एस.राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम-बोन्दा, नवापारा व डभरा विकास खण्ड-पुसौर, खरसिया, बरमकेला में सरसों फसल किस्म-डी.आर.एम.आर.-150 तथा एच.आर.-725 की 60 हेक्टेयर एवं सूर्यमुखी किस्म-एन.एस.एफएच.-145 की 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल में समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन लिया गया है। जिसका उद्देश्य देश में तिलहनी फसलों की उन्नत तकनीक को बढ़ावा के साथ-साथ फसल की उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हो सके। फसल के निरीक्षण हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा गठित निरीक्षण दल डॉ.एम.एल.शर्मा, प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय, रायपुर, डॉ. नवनीत राणा, प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय वं अनुसंधान केन्द्र, महासमुन्द एवं डॉ.रोशन परिहार, सहायक प्राध्यापक, बी.टी.सी. कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बिलासपुर द्वारा 5 मार्च 2024 को किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित कृषकों से सरसों एवं सूर्यमुखी फसल प्रबंधन, उत्पादन एवं उत्पादकता के बारे में विस्तार से चर्चा किए व आगामी वर्ष में तिलहन फसलों का क्षेत्रफल बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया गया साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों को समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन करने के लिये निर्देशित किया गया। इस अवसर पर समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के प्रभारी डॉ.के.के.पैकरा, डॉ.सविता आदित्य एवं ग्राम-बोन्दा व डभरा के प्रगतिशील कृषक एवं कृषक महिला भद्र कुमारी सिदार, तेजराम गुप्ता, शांति कुमार, गोवर्धन, सुग्रीव गुप्ता, दुर्गाशंकर नायक व अन्य कृषक उपस्थित थे।

### प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप मेला 11 मार्च को

**रायगढ़, 7 मार्च।** भारत सरकार के निर्देशानुसार योग्य अभ्यर्थियों एवं युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से 11 मार्च को प्रात:10 बजे से शास.औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निजी कंपनियों के माध्यम से विभिन्न रिक्त 15 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें श्री बालाजी टाटा सर्विस स्टेशन तथा सोलारिस टेक्नालॉजी में टेक्नीशियन अप्रेंटिसशिप पद रिक्त है। उक्त पदों के लिए कार्यक्षेत्र रायगढ़ जिला होगा एवं तकनीकी पद पर अनुभवी उम्मीदवार के लिए विशेष वेतन उपलब्ध है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए शास.औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### 10 वीं बोर्ड की सामान्य अंग्रेजी परीक्षा 13130 ने दी

**रायगढ़, 7 मार्च।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 6 मार्च को सामान्य अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 13 हजार 130 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 12 हजार 654 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 476 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**रायगढ़, 7 मार्च।** अनुविभाग खरसिया अंतर्गत ग्राम-भेड़ापाली तह.व जिला सक्ती के गौतम प्रसाद यादव की 13 मार्च को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के उपरांत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के पिता कांशीराम यादव को 25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

#### राजिम मेला स्थल में विधायक रोहित साहू सहित जिले के महिला समूह एवं मेला आगंतुकों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से प्रधानमंत्री मोदी को सुना

# प्रधानमंत्री ने महिलाओं से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में किया संवाद





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 7 मार्च ।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज स्व-सहायता समूह की महिलाओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं से देश की मातृशक्ति को अवगत कराने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत पूरे देश की महिलाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि पूरे 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार है। महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सशक्तिकरण ही मोदी की गारंटी है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से बालिकाओं को लाभ मिला, उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना के तहत मुफ्त घरेलू गैस कनेक्शन दिया जा रहा है, हर घर नल योजना से लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल रही है। वहीं शासन द्वारा नारी हित के लिए अन्य योजनाएं और अभियान चलाकर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने राजिम कुंभ मेला स्थल में वीडियो कॉनफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री रोहित साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिले की महिला समूह एवं मेला आगंतुकों ने वर्चुअल मध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी को सुना।इस अवसर पर राजिम विधायक श्री रोहित साहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के गरीब, मजदूर, किसान सहित महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटियों को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के गरीब, मजदूर, किसान, युवा, महिला सहित सभी वर्गों के विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाओं की आर्थिक-सामाजिक सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। महिलाओं की समृद्धि के साथ ही उनके लिए रोजगार व स्वरोजगार पैदा करने के लिए सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज लाखों समूहों की महिलाओं से सीधे संवाद किया। यह हम सभी के लिए ऐतिहासिक पल है।

### राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच में आज सीमा कौशिक की प्रस्तुति



**राजिम,7 मार्च।** 24 फरवरी के प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प में अब अंतिम पढ़ाव पर है। राजिम कुंभ के 12वें दिन 7 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम में शाम 5 बजे से 10 बजे तक लोक कलामंच सीमा कौशिक रायपुर की टीम की शानदार प्रस्तुति होगी। मंच पर अन्य कार्यक्रमों में इवेंट की ओर से अमन त्रिखा की प्रस्तुति होगी। लहरगंगा पुरानिक साहू धनेली बालोद की प्रस्तुति के बाद द्वारिका प्रसाद साहू एवं उनकी टीम द्वारा लोकनृत्य दल छत्तीसगढ़ की लोककला की प्रस्तुति होगी।इसी तरह स्थानीय कलाकारों के लिए बने मंच में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यक्रम होंगे। जिसमें रामायण झांकी ललिता ठाकुर कंडार भाठापारा, सुवा नृत्य खिलेश्वरी साहू कंड़रका, लोकनाचा गंगाप्रसाद साहू लिमतरा, जसगीत/सुआ सकुन साहू नादघाट, खजेरी वंदन गायन नीलकंठ साहू मोपर भाटापारा, सुवा नृत्य भुवन नायक शेर महासमुंद, लाफ्ट्र शो कौशल साहू कवर्धा, मंगल भजन चन्द्रप्रकाश मारकाण्ड़े बारूला फिंगेश्वर, भजन संध्या लेखपाल साहू बरबाहरा गरियाबंद, मानस भजन मिथलेश गजेंन्द्र भटगांव धमतरी, राउत नाचा चन्द्रहास साहू सेमरा, रामायण लेकराम साहू जामगांव, सुवा नृत्य ममता सेन भैसमुंडी की प्रस्तुति होगी।

## बारूला स्कूल में न्योता भोज का आयोजन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 7 मार्च।** शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला बारूला में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया.संस्कृत के सुभाषित वाक्यों में शुभस्य शीघ्रम की बात कही जाती है अर्थात शुभ कार्य में शीघ्रता की जानी चाहिए. एक ऐसे ही शुभ कार्य के पहल करते हुए भीखमचंद साहू अपर कलेक्टर रायपुर, केशोराम साहू प्रधानपाठक,शिवचरण साहू, नोस राम साहू द्वारा घनाराम साहू अधिवक्ता व सुकदेव राम साहू पूर्व उपसरपंच (बारूला ) के सुपुत्र धर्मेन्द्र, डॉ ठकेश्वर साहू के विवाह के सुअवसर पर शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला बारूला में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस अवसर पर न्योता भोज के तहत बच्चों को दाल, चावल, सब्जी के अलावा बालूशाही , लड्डू,जलेबी,पापड़ परोसा गया.भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियाँ झलक रही थी.इस मौके पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं, ताकि बच्चों को और ज्यादा पोषण-आहार मिल सके। प्रदेश में यह आदेश मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा जारी किया गया है। जिसे अमल में लाते हुए बच्चों के खान-पान में पोषण आहार की मात्रा बढ़ाने यह पहल की गई।पूरन लाल साहू संकुल प्राचार्य (बिजली ) ने कहा कि जो व्यक्ति छात्रों को भोजन कराना चाहते हैं, उन्हें इसकी जानकारी पूर्व में ही देनी होगी। न्योता भोज के तहत व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्योहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ,जन्मदिन,विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर छात्रों को भोजन करा सकेंगे.ऐसे मौके पर सामुदायिक सहभागिता का विकास होता है. वहीं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक टिकेंद्र यदु एवं केशोराम साहू(ए.पी.सी. समग्र शिक्षा) ने भी इस संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए.इस अवसर पर प्रधानपाठक लता ध्रुव, ओंकार साहू, प्रेरणा सेन, लक्ष्मीनारायण सेन,मोती ध्रुव,हीरामन साहू,आदुराम साहू, जीतेन्द्र कुमार,केशर साहू, रुखमनी साहू,अनुसूईया साहू,व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## राजिम कुंभ के मंच पर स्थानीय कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,7 मार्च।** राजिम कुंभ कल्प में श्री कुलेश्वर महादेव मंदिर के पास बने सांस्कृतिक मंच में स्थानीय कलाकार शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकां से खूब वाहवाही लूट रहे हैं। मंच पर प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक, लोक कला मंच, भजन संध्या, रामायण, पंथी, सुआ जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखर रही है। मेला के 12वें दिन चौबेबांधा के श्री राम दरबार मानस मंडली द्वारा रामायण की प्रस्तुति दी। जिसमें हनुमान जी द्वारा माता सीता को खोजने लंका जाने वाले पात्र का बताया। कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति में छुईया के चैतूराम नाचा पार्टी ने प्रहसंग और नृत्य की प्रस्तुति दी। खेमचंद यादव लोहरसी ने भजन संध्या के माध्यम से ईश्वर की स्तुति की, जिसमें प्रभु तुम चंदन..... जग में सुंदर है दो नाम.... ऐसी लागी लगन..... इन गीतों ने दर्शको को भक्ति की रास्ता दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बेमेतरा के कुंती गंधर्व ने पंडवानी के माध्यम से दर्शकों को बताया कि कौरव और पांडवों के द्वारा जुआ खेला गया जिसके परिणाम के बारे में बताया। पंडरीपानी के पुरुषोत्तम बंजारा ने जस झांकी की प्रस्तुति दी गई। जिसमें माता दुर्गा के नव अवतारों का उल्लेख किया का तोला मानव दाई का तोला मानव वो..... जैसे और भी अनेक जस गीत प्रस्तुत किए। फुलझर गौकरण मानिकपुरी ने लोकमंच के द्वारा अनेक छत्तीसगढ़ी गीत के साथ नृत्य की प्रस्तुति दी। राजिम के जगन्नाथ पटेल ने नंगाड़ो के साथ और मंच पर अनेक रंग के गुलाल उड़ाते हुए फाग गीत की प्रस्तुति दी गई। जिसमें माहौल होलीमय बना दिया। कुसुमबुड़ा के ईशा रानी ध्रुव ने राजा भरथरी की प्रेम कहानी की प्रस्तुति दी। प्रशान्त सोनवानी कठौली ने मानस भजन जय-जय राम, जय सिया राम.... गीत को गाकर दर्शकों को भी गुनगुनाने के लिए मजबूर किया। जयलाल परगनिहा बहेराबुड़ा गरियाबंद ने जसगीत को दर्शको को सरल बताने के लिए झांकी भी दिखाया गया। लोकनृत्य दल ने भी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। कलाकारों का सम्मान राजिम विधायक रोहित साहू, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती रेखा-जितेन्द्र सोनकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधयों ने स्मृति चिन्ह और गुलदस्ता भेंटकर किया।

## विदेशी पर्यटक पास्कल और ब्रूनो भोग भंडारा में शामिल हुए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 7 मार्च ।** राजिम आज दिनांक 06 मार्च 2024 दिन बुधवार को भोग भंडारा के मुख्य अतिथि विदेशी पर्यटक पास्कल और ब्रूनो का अतिथि देवो भव संस्कार का पालन करते हुए समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने भोग भंडारा में पुष्प वर्षा कर अतिथि स्वागत सत्कार किया अतिथि सत्कार से भाव विभोर होकर *ब्रूनो ने कहा इट्स माय गुड एक्सपीरियंस एंड इट्स अवर प्लेजर टू मीट यू वी विल कम अगेन एट 8 मार्च* फ्रांसीसी दंपती पास्कल एवम ब्रूनो के साथ प्रमुख अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर समिति के संरक्षक डॉ रामकुमार साहू प्रदेश उपाध्यक्ष टीकम साहू तहसील साहू संघ अभनपुर के अध्यक्ष ब्रह्मानंद साहू परीक्षित अध्यक्ष कमलेश साहू पूर्व पालिका अध्यक्ष निलेश्वरी साहू ने भक्तों को प्रसाद बांटा। विदेशी पर्यटक भक्तों में प्रसाद वितरण करने के पश्चात पदाधिकारी के साथ भोग भंडारा में बैठकर भोजन ग्रहण किया भोग भंडारा का 12वें दिन सामाजिक पदाधिकारी की भोजन परोसने के लिए शामिल हुए। भोग भंडारा में आज भक्तों को कड़ी आलू बरबटी एवं मूली भाजी के साथ में आचार परोसा गया भोग भंडारा में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष लाला साहू महामंत्री रामकुमार साहू लोकनाथ साहू उपाध्यक्ष नूतन साहू कोषाध्यक्ष भोला साहू संगठन मंत्री डॉ ओंकार साहू राजू साहू तरुण साहू तुकेश साहू पूर्व सरपंच जालम साहू जिला के संगठन मंत्री इंद्र कुमार साहू रोहित कुमार साहू ग्रामीण अध्यक्ष गोवर्धन साहू संगठन मंत्री टीकाराम साहू टूकेश्वर साहू शक्ति केंद्र के संयोजक सलीम खान लाला राम साहू मैनपुर अशोक बजरंग साहू देवभोग नगर अध्यक्ष भवानी शंकर साहू मीडिया प्रभारी किशन साहू तहसील साहू संघ अभनपुर के उपाध्यक्ष पहलाद कुमार साहू सचिव मोहनलाल साहू मीडिया प्रभारी तुकेश साहू युवा प्रकोष्ठ के हेमेंद्र कुमार साहू बजरंगी साहू आशीष साहू नवीन साहू महिला प्रकोष्ठ के प्रेमबाई साहू रामबाई साहू हृदयांश साहू कोविद साहू समिति के सभी पदाधिकारी एवं वरिष्ठजन भोग भंडारा में सेवा दिये। भोग भंडारा के आयोजन के लिए विदेशी पर्यटक ने कहा कि मुझे यहां अच्छा लगा मेरा अनुभव अच्छा रहा मैं फिर महाशिवरात्रि के दिन 8 मार्च को भोग भंडारा में अवश्य आऊंगा एवं समिति के सभी पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं संदेश दिए

## बहुभाषा शिक्षण पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**रायगढ़, 7 मार्च।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशन व जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ व जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ के कुशल प्रबंधन में प्राथमिक स्तर पर बहुभाषा शिक्षण के लिए सेजेस नटवर विद्यालय रायगढ़ में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

रायगढ़ में प्रमुख रुप से छत्तीसगढ़ी, सम्बलपुरी तथा कुड़ुख जैसे स्थानीय प्रचलित भाषाओं को शिक्षण में बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आगामी समय में छत्तीसगढ़ी भाषा एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं को प्रारंभिक कक्षाओं के पाठ्यक्रम में शामिल करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इसी तत्वाधान में शिक्षा विभाग रायगढ़ के द्वारा संविधान की धारा 350-क में वर्णित अनुच्छेद के अनुपालन में जिले के भीतर प्रत्येक भाषायी वर्गों के विद्यार्थियों को प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की पर्याप्त सुविधाओं के लिए व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है। कक्षा एक और दो के लिए स्थानीय भाषानुरुप पाठ्यवस्तु तैयार किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में बहुभाषा के तथ्य, बहुभाषी शिक्षण सिद्धांत, स्थानीय भाषाओं में वार्तालाप पुस्तिका, शब्दकोश, फ्लैश कार्ड, छोटी कहानियों पर आधारित चित्रकथा निर्माण तथा अन्य सहायक शिक्षण सामग्री पहचान के गुर प्रशिक्षकों द्वारा सिखाया गया। स्थानीय बोलियों में पढ़ाई की व्यवस्था के लिए अवधारणात्मक समझ तथा प्रक्रिया पर परस्पर अंतःक्रिया संवाद द्वारा गहन चर्चा किया गया। प्रशिक्षण की अवधि में डॉ.नरेन्द्र पर्वत, विकास खण्ड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक रायगढ़ श्री मनोज अग्रवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में छत्तीसगढ़ी, ओड़िया-सम्बलपुरी तथा कुड़ुख के लिए रायगढ़ जिले के राज्य स्त्रोत व्यक्ति रुद्र प्रसाद शर्मा, प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला तरडा, पुसौर तथा निरंजन लाल पटेल, सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला लामीखार, धरमजयगढ़ ने प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यशाला में रायगढ़ जिले के अलावा सारंगढ़-बिलाईगढ़ के बरमकेला तथा सारंगढ़ के चालीस खण्ड स्त्रोत व्यक्तियों की सक्रिय भागीदारी रही।

#### शक्ति वंदन अभियान

## केंद्र सरकार नारी शक्ति को बना रही विकसित भारत की शक्ति:प्रधान मंत्री



**रायगढ़, 7 मार्च।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पश्चिम बंगाल में आयोजित नारी शक्ति वंदन अभियान में शामिल हुए। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी केन्द्र सरकार नारी शक्ति को विकसित भारत की शक्ति बना रही है। आज पश्चिम बंगाल में स्व-सहायता समूह का विराट सम्मेलन हो रहा है और देशभर की स्व-सहायता समूह की माताएं, बहने टेक्नोलॉजी के माध्यम से जुड़ी हुई है। इतने बड़े कार्यक्रम के लिए सभी महिलाएं अभिनंदन के पात्र है।

गरीब, वंचित आदिवासी परिवार की बहनों, बेटियों के ऊपर हो अत्याचार तथा बड़े संगीन अपराध के लिए हमारी केन्द्र सरकार ने फांसी तक की सजा की व्यवस्था की है। भारत की नारी शक्ति विकसित भारत की सशक्ति स्तंभ है। भारत की नारी शक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रही है। जिसके तहत जन धन योजना के तहत स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने खाते खुलवाए हैं। इसके साथ ही इन स्व-सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए बैंकों के माध्यम से मदद उपलब्ध कराई गई है। आज महिला स्व-सहायता नही राष्ट्र सहायता समूह है, जो हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है।

प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की महिलाएं कृषि, कुटीर उद्योग, मछली पालन, हस्त शिल्प जैसी विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है कि हम गांव में रहने वाली महिलाओं को लखपति दीदी बनाएं। हमने देश में तीन करोड़ बहनों को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा है। स्वरोजगार हेतु मुद्रा लोन दिया जा रहा है, जिसमें बिना गारंटी के ऋण लेकर अपना व्यापार प्रारंभ कर सकते हैं। जिसमें पश्चिम बंगाल की महिलाएं काफी अधिक है। पीएम किसान सम्मान निधि से महिला किसानों को राशि प्रदान की गई है। महिलाओं की स्वास्थ्य के लिए आशा कार्यकर्ताओं के इलाज की सुविधाएं प्रदान की गई है। महिलाओं की सुरक्षा हेतु टॉयलेट, गरीबों को पक्के मकान दिए जा रहे हैं नई हित में योजनाएं बनाई जा रही है। महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सशक्तिकरण मोदी की गारंटी है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित दुर्गा मैदान में आयोजित शक्ति वंदन अभियान में शामिल हुए। इस अवसर पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, जनप्रतिनिधि गण एवं बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदी भी उपस्थित रही। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही नारियों का सम्मान हो रहा है। वेदों में भी कहा गया है जहाँ नरियों की पूजा होती है वहाँ भगवान का वास होता है। मनोकामना की पूर्ति के लिए नारी शक्तियों की आराधना की जाती है। जैसे शक्ति प्राप्त करने के लिए माँ दुर्गा, वैभव-धन सम्पदा के लिए माता लक्ष्मी और ज्ञान की प्राप्ति के लिए माता सरस्वती की आराधना की जाती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सम्मान देने के लिए देश के शीर्ष पद पर श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति के रुप में सुशोभित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उज्जवला योजना जैसी विभिन्न योजनाए प्रारंभ की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के चयनित लाभार्थियों को चेक वितरित किया। रायगढ़ के नगर निगम सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में श्री सुभाष पांडेय, ईश कृपा तिर्की, सीनू राव, श्री सुरेन्द्र पांडेय, श्री डिग्री लाल साहू, श्री मनीष गांधी सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### डोंगरगढ़ थाने की कमान सीआर चंद्रा संभालेंगे

**डोंगरगढ़, 7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना प्रभारी भरतलाल बरेठ की मुसरा में लोक मंडई कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ता को गोली मार देने की बात व गृहमंत्री विजय बघेल से शिकायत व लॉ एन आर्डर की बात करने वाले व अपनी गलती न मान मुझे नहीं चाहते तो ट्रांसफर कर दो जैसे थना पर प्रभारी के तबादला के बाद पुलिस के आलाधिकारियो ने निरीक्षक सी एस चंद्रा को थाना डोंगरगढ़ की कमान संभाल अपने पद की गरिमा बनाए रखने व अपराध पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी दी गई है।

### अग्निवीर वायुसेना भर्ती के लिए मॉक टेस्ट 9 मार्च को

**बलौदाबाजार, 7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती 11 फरवरी 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था जिसमें पंजीकृत आवेदकों को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए जिन आवेदकों ने वायु सेना के लिए पंजीकृत कराया है, ऐसे आवेदकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। उक्त पंजीकृत आवेदक नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार में शीध्र ही उपस्थित होकर अपना नाम, पता, मोबाइल नम्बर दर्ज करा सकते है अथवा कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07727299443 एवं व्हाट्सएप नम्बर 9009962186, 9827168832 पर भी प्रेषित कर सकते है। इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी हेतु जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत से सम्पर्क कर सकते है। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें आवेदकों को लिखित परीक्षा से संबंधित राज्य स्तरीय मॉकटेस्ट भी ली गई है। लिखित परीक्षा हेतु अगला मॉकटेस्ट 9 मार्च 2024 को पंड़ित चक्रपाणी शुक्ल हायर सेकण्डरी स्कूल बलौदाबाजार में समय 3:00 बजे से 5:00 बजे तक होगी।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक अब 12 मार्च को

**बलौदाबाजार, 7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा की सामान्य सभा की बैठक 6 मार्च को दोपहर 12.00 बजें से जिला पंचायत सभागार में किया गया था जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। उक्त बैठक अब 12 मार्च 2024 को दोपहर 2 बजे रखी गई है। बैठक में प्रस्तावित एजेण्डा पूर्व में जारी अनुसार यथावत् रहेगी।

### उत्कर्ष योजना में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 10 मार्च को

**बलौदाबाजार, 7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना (यथा संशोधित 2021) अंतर्गत वर्ष 2024-25 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा केन्द्र पं.चक्रपाणी शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में रविवार 10 मार्च 2024 को अपरान्ह 12:00 से 02.00 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी अपने रोल नम्बर की जानकारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। विद्यार्थियों के लिए अलग से किसी प्रकार का प्रवेश पत्र जारी नही किया जायेगा।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बलौदाबाजार, 7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर के.एल.चैहान ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा तहसील अंतर्गत ग्राम कुम्हरखान निवासी गंगूराम निषाद पिता धजाराम निषाद की मृत्यु बिच्छु के डंक मारने से हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पत्नि नीराबाई पति स्व. गंगूराम निषाद को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

# थाना प्रभारी व एसडीएम के ट्रांसफर पर पटाखा फोड़ मिठाई बांट मनाया जश्न

## लंबे समय से थी भ्रष्ट अधिकारियों की पदस्थापना की शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 7 मार्च।** धर्मनगरी के सिप्पे सलाहकार थाना प्रभारी भरत लाल बरेठ व एसडीएम गिरीश रामटेके के ट्रांसफर आर्डर की कॉपी आते ही विधानसभा क्षेत्र के वासियों फटाखा फोड़ मिठाई बाँट जश्न मनाया गया। जश्न के दौरान मीडिया कर्मी के सवाल पर लोगों ने बताया कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों की नियुक्ति से ही भृष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

### अवैध प्लाटिंग, अवैध खनन मामलों से कमाए लाखों

तहसील व राजस्व के कर्मचारियो सहित ग्रामीणों ने नाम प्रकाशित ना करने की शर्त पर बताया गया कि एसडीएम एकदम खबडा है और बिना चढ़ावे के कोई भी कार्य नहीं करता था, अगर इन्हे चढ़ावा चढ़ा दिया जाए तो अवैध प्लाटिंग भी वैध, अवैध उत्खनन सहित फर्जी जाति प्रमाण पत्र बना दिया जाता था वहीं थाना प्रभारी की बात बताते हुए बताया कि 151 के के केस में 10 हजार दो बिना पर्चा पट्टे के जमानत की सेटिंग सहित थाना क्षेत्रान्गर्त आने वाले शहरी व ग्रामीण इलाको में नशे सहित अवैध कार्य करने वाले कारोंबारियो से महीना ले संरक्षण दे पुलिस के भूमिका को धूमिल करने का कार्य किया।

### होनी चाहिये जाँच

लोगों ने बताया कि तहसीलदार राजू पटेल ने अवैध प्लाटिंग की रजिस्ट्री करवा राजव को लाभ देते हुए प्रत्येक रजिस्ट्री का 50 हजार लिया व करोड़ो कमा अपना ट्रांसफर भांठापारा करवा लिया उसी प्रकार उनका ही अनुसरण करते फर्जी अवैध प्लाटिंग व अवैध ईट भट्टा, अवैध उत्खनन पर कोई कार्यवाही ना कर अपनी जेब भरते हुए अपने पद की गरिमा को गिराते हुए धर्मनगरी के लोगों के बीच कानून पर से लोगों के विश्वास की धज्जिय्या उड़ाते हुए अपना ट्रांसफर करवा लिया। वहीं थाना प्रभारी भरत लाल बरेठ के बारे में बताया गया कि शुरू में आया तो चिकनी चुपड़ी बातों में नेताओं, पत्रकारों व जनता के बीच गया व पत्रकारो की मौखिक चर्चा में धर्मनगरी में आने वाले वीआईपी सेवाओं में खुद का 07 लाख खर्चा होने की बात कहकर अवैध दारू, अवैध गांजा, और गौ तस्करी के आरोपियों से पैसा लेकर पुलिस की छवि को बिगाड़ने का कार्य किया। वहीं जब किसी पत्रकार ने विरोध करने की कोशिश की गई तो उस पर नशे की हालत में पुलिस को गाली दी के मामले में फंसा देने व गोली मार दूंगा की धमकी दे रास्ते से हटा कर अपनी मनमानी चलाई। वहीं दूध डेयरी के संचालको ने बताया कि गौ तस्करी गिरोह की गाड़ी से बागनदी पुलिस के आरक्षक की मौत में 10 आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी डोंगरगढ़ टीआई के निर्देश पर उनके डेयरी से लाखों की जर्सी गायो को थाना में जप्ती बना लाखों रु की उगाही की गई है व पैसा नहीं देने पर मामले में दोषी बना अपराध कायम करने की धमकी दी गई है।

### बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी

लोगों ने बताया कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों की पोल तो एक ना एक दिन खुलनी थी तभी तो लोगों की शिकायत के बाद इनका ट्रांसफर हुआ। जिससे वही बात चरितार्थ होते नजर आ रही है कि बकरे की अम्मा कब तक खैर मनायेगी।

### एसआई सिन्हा, प्रधान आरक्षक महादेव व सिपाही वीर बहादुर सिंह करते थे सेवा

थाना स्टाफके कर्मचारियो ने लंबे समय से मीडियाकर्मियों से चर्चा करते रहते थे कि इन दलाल पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर क्यौं नहीं होता और होता है तो ये जाते नहीं है आखिर ऐसा क्या है जो ये लगातार वर्षो से यंहा जमे हुए व आने वाले एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, जज, मजिस्ट्रेट सहित मंदीर दर्शन करने वाले राजनेताओ की गुलामी व चाटुकारिता कर टिके हुए है क्या इनका डोंगरगढ़ से मोह ही भंग नहीं होता है क्या? या अवैध कमाई की वजह से अपना ट्रांसफर गृह मंत्री की सिफारिश पर रुकवा लेते है। वहीं बताया जाता है कि एक प्रधान आरक्षक ने थाने में हनुमान जी की मूर्ति अपने पैसों से खरीद मन्दिर का निर्माण करवाया है व दुर्ग में करोड़ो का बंगला बना अपना ट्रांसफर दुर्ग करवा लिया है। अगर करोड़ो का बंगला बनाया है तो विभाग से परमिशन तो लिया होगा। इनके सर्विस रिकार्ड की जानकारी निकाल इनकी सम्पति की जाँच की जाए तभी दूध का दूध पानी का पानी होगा।

## शक्ति वंदन कार्यक्रम कसडोल नगर भवन में सम्पन्न

# पीएम मोदी ने किया नारी शक्ति को नमन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कसडोल, 7 मार्च।** 6 मार्च को पश्चिम बंगाल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत देश की नारी शक्ति को नमन करते हुए महिलाओं को सम्बोधित किया। इसी कार्यक्रम के तहत नगर भवन कसडोल में जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत कसडोल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वसहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित हुई।

महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी का सम्बोधन बड़े ध्यान से सुनी और उत्साहित नजर आई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सम्बोधन की शुरुआत विपक्षी पार्टियों की हताशा से की। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की जन हितैषी योजनाओं एवं राष्ट्र हित के कार्यों को देखकर बौखला गए हैं और सिर्फ मोदी को गाली देने में लगे रहते हैं। इसके सिवाय उनके पास कोई चारा ही नहीं बचा है। वे मेरे परिवार के बारे में कहते हैं कि मोदी का तो परिवार ही नहीं है।

इस पर अपनी पुरानी यादें ताज़ा करते हुए कहा कि जब मैं छोटा था तो एक बार घर से निकल गया था। किसी को कुछ नहीं बताया था। उस वक्त मेरे पास एक पैसा भी नहीं था, सिर्फ एक झोला लेकर निकल गया था फिर भी एक दिन भूखा नहीं रहा तब समझ में आया कि यही तो है मोदी का परिवार।

देश की 140 करोड़ जनता मोदी का परिवार है जो कि विपरीत समय में मोदी का कवच बनकर खड़े हो जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए महिला शक्तिकरण की दिशा में अपनी सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं जैसे घर एवं स्कूलों में बनाए जा रहे शौचालयों, उज्जवला योजना द्वारा दिए जा रहे गैंस सिलेंडर, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे पक्के मकान, स्वसहायता समूहों को दिए जा रहे लोन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, महतारी वंदन योजना आदि का वर्णन किया।

मोदी ने कहा कि सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही महिलाओं, वंचितों, दलितों, किसान, जवान युवाओं, मजदूरों की चिंता करती है और यही है विकसित भारत का नींव।

मोदी ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने ही मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसे अभिशाप से मुक्ति दिलाया। इसके विपरीत कट्टर पंथी, वामपंथी एवं कांग्रेस ने महिलाओं के उत्थान के बारे में कभी नहीं सोचा। इनके शासन काल में लगातार महिलाओं पर अत्याचार होते रहे और सरकारें मूकदर्शक बनकर तमाशा देखती रहीं, जबकि हमने इन पर अत्याचार करने वालों के लिए फाँसी तक की सजा का प्रावधान किया है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी एक महिला होते हुए भी उनकी सरकार महिला विरोधी है यह जग जाहिर है। मोदी ने स्वसहायता समूह के महिलाओं को कहा कि इनका समूह स्वसहायता समूह न होकर अब राष्ट्र सहायता समूह है। इसी लिए हमने समूह के बहनों को लखपति बनाने का काम किया है जो लगातार जारी है। जब देश की बहनें लखपति होंगी उस समय देश का तस्वीर अलग ही नजर आएगी।

आखिर में मोदी ने उपस्थित नारी शक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा सहित सभी चुनावों में महिला विरोधी पार्टियों को हराने का काम करेंगी और पूरे देश में कमल खिलाएंगी। तभी सभी के लिए सुरक्षित वातावरण में देश विकास करेगा और विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

प्रधानमंत्री मोदी के सम्बोधन के बाद उपस्थित महिलाओं को मुख्य अतिथि श्यामबाई साहू, प्रदेश मंत्री भाजपा, राजकुमार जायसवाल, रामचंद्र ध्रुव, भरत दास मानिकपुरी, सत्यनारायण पटेल, शीला वर्मा ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पर वक्ताओं के अतिरिक्त महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनुराधा कर्ष, पार्षद सुश्री कमल कैवर्त, सरपंच अटल संतराम वर्मा, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त, सरपंच मानसिंह निर्मलकर, दिलहरण साहू, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु वर्मा, नगर पंचायत के सीएमओ सचित कुमार साहू, पत्रकार देवेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में महिला समूहों की महिलाएं एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी ने की मनरेगा कार्यों की समीक्षा




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 7 मार्च।** जनपद पंचायत सिमगा के सभा कक्ष में प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) अमित वैद्य ने समस्त रोजगार सहायकों की साप्ताहिक बैठक लिया गया जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष में मनरेगा में होने जा रहें परिर्वतनों जैंसें एबीपीएस को जल्द सक्रिय करने हेतु पोस्ट आफिस में सभी मनरेगा मजदुरों का खाता खुलावाया जाये ताकि मजदुरों का भुगतान संभवन हो सकें एवं कार्य स्थल पर मजदुरों का लाइव फोटो लेकर हाजिरी दर्ज की जावेंगी कि जानकारी दी गई। अगले वित्तीय वर्ष हेतु पर्याप्त मात्रा में कार्य स्वीकृत कराने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया है। इस बैठक में 104 ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक सहित अध्यक्ष अमिता मार्टिन उपाध्यक्ष नंदकुमार काठले भुपेन्द्र यादव जिला अध्यक्ष नैना देवी साहू एवं समस्त रोजगार सहायक उपस्थित थे।

## सिन्हा समाज की जिला स्तरीय बैठक 10 को पाटेकोहरा में

**डोंगरगढ़, 7 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार समाज राजनांदगांव का जिला स्तरीय बैठक रविवार 10 मार्च को पाटेकोहरा (चिचोला) में रखा गया है। एक दिवसीय उक्त बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों, विकलांग, मेधावी छात्र छात्राओं व संगीतकारों के सम्मान के साथ सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। समाज के जिला प्रचार प्रसार मंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि बैठक का शुभारंभ सुबह 10 बजे देवपूजन से होगा, पश्चात् अतिथि स्वागत, स्वागत उद्बोधन तथा जिलाध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा का अध्यक्षीय उद्बोधन होगा। विज्ञप्ति अनुसार बैठक के मुख्यअतिथि समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा होंगे, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा करेंगे। बतौर विशेष अतिथि प्रांतीय संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा, प्रांतीय महामंत्री रिखीराम सिन्हा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष डॉ. बिसम्भर सिन्हा, युवा मंच अध्यक्ष डागेश्वर सिन्हा, प्रदेश महिला मंच अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# 29 यात्रियों का दल अयोध्या रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 7 मार्च।** रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) हेतु 29 यात्रियों का जत्था को सीईओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे ने आज सुबह 7 बजे ग्रामीण व नगरी निकाय के 30 सहायक अनुरक्षक सहित यात्रियों को पिताम्बर मानिकपुरी सहायक नोडल अधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर सम्मानपूर्वक राम भक्तों को रवाना किया इस विशेष समारोह में अभिजित अवस्थी, चंद्रमणी तिवारी एवं जनपद पंचायत के स्टाफगण उपस्थित थे।




# कार्यालय कार्यपालन अभियंता
# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

नि.आ.क्र./13/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2024 — बीजापुर, दिनांक 01/03/2024

**-::संक्षिप्त मैनुअल प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना::-**

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, बीजापुर जिला के जिला जल प्रयोगशाला (एन.ए.बी.एल.) में FTK Kit, $H_2$s Viles, FTK Refiling की आवश्यकता है, उपकरण क्रय हेतु निविदाएं प्रपत्र 'सी' में निर्माता/अधिकृत विक्रेता/वाणिज्यकर विभाग में पंजीकृत प्रदायकर्ता फर्मों से दिनांक **14.03.2024** को सायं 5.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदाएं हेतु आवेदन की तिथि **11.03.2024,** निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि **12.03.2024,** निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 300.00 है। निविदा खोलने की तिथि **15.03.2024**

| समूह क्र. | जिला बीजापुर | कार्य का विवरण | मात्रा | अनु. लागत (लाख में) | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बीजापुर | जिला बीजापुर अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जिला जल प्रयोगशाला (एन.ए.बी.एल.) के लिए FTK Kit, $H_2$s Viles, FTK Refiling की आवश्यकता हेतु उपकरण क्रय कार्य। | As Per List | 5.70 | 5000/- | 01 माह | 300/- |

**नोट:-** उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में दिनांक 12.03.2024 तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**बीजापुर**

**जी-08336/3**


# गौ हत्या किसी भी शर्त पर स्वीकार नहीं: अविमुक्तेश्वरानंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा, 7 मार्च।** आज नगर में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महराज का आगमन हुआ जहां नगर के धर्म प्रेमी बंधुओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया

सर्वप्रथम शंकराचार्य जी महाराज नंदकुमार भोंसले के निवास में कुछ देर रुकने उपरांत पुराना बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर में भगवान के दर्शन किए तत्पश्चात आयोजनकर्ता बहोरन लाल ताम्रकार ने सपत्नीक शंकराचार्य महराज का पादुका पूजन किया

धर्म सभा को संबोधित करते हुए शंकराचार्य महाराज ने कहा कि गोमाता राष्ट्र माता घोषित करवाने के उद्देश्य हम गांव गांव नगर नगर में घूम रहे है । इस अभियान में आप सभी धर्म प्रेमी बंधुओं के सहयोग की जरूरत है । घर में जब माताएं रोटी बनाती हैं तो भगवान गुर व घर के छोटे बच्चों से भी पहले गौ माता के लिए रोटी निकाली जाती है । जब मां से बच्चों को पर्याप्त दूध नहीं मिलता है तो गौ माता के दूध का सेवन करके हम बड़े होते हैं उस उपकारी गौ माता की प्रतिदिन निर्मम हत्या हो रही है । और हम सब मौन रहकर तमाशा देख रहे है । इस कारण हम सभी उस महापाप के भागीदार है । अब हम गौ हत्या किसी भी शर्त में स्वीकार नहीं करेंगे इसके लिए 10 मार्च को सुबह 10:00 बजे 10 मिनट के लिए अपने-अपने घरों से बाहर आकर गौ माता की जय गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो के जयघोष करके हमारे देश के राजा को एक संदेश देना है कि अब गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लग सके । उन्होंने आगे कहा कि धर्म को जानना हो तो सद्गुरु के पास जाना ही पड़ेगा बिना गुरु के पास जाए धर्म को समझा ही नहीं जा सकता आप लोग जिस भौतिक सुख की तलाश में इधर-उधर भटकते रहते हैं वह क्षणिक मात्र सुख है जो मृगतृष्णा के समान है । धर्म का आचरण करने वाले लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेता है उनका चित् सदा प्रसन्न रहता है साथ ही दुखों से मुक्ति मिलती है ।

ब्रह्मचारी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि जन्म-जन्मांतर के पुण्य उदय के कारण ही संतों के दर्शन होते हैं आपके नगर में जगतगुरु शंकराचार्य भगवान का आगमन हुआ है ।

धर्म सभा को संबोधित करने के उपरांत शंकराचार्य महाराज बहोरन लाल ताम्रकार के निवास में रात्रि विश्राम हेतु प्रस्थान किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दो दिवसीय पाली महोत्सव का होगा आयोजन

**कोरबा 7 मार्च।** जिले में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन 07 से 08 मार्च तक किया जाएगा। जिसमें स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ-साथ देश की विभिन्न संस्कृतियों से परिचय कराने तथा पर्यटन की संभावनाओं के विकास तथा प्रचार-प्रसार हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग ने बताया कि उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव के मुख्य आतिथ्य में पाली महोत्सव के पहले दिन का आयोजन किया जाएगा। दूसरे दिन 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को ध्यान में रखते हुए महिला कलाकारों की प्रस्तुति का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बॉलीवुड सिंगर सोना महापात्रा व मोनाली ठाकुर, छत्तीसगढ़ी अभिनेत्री शालिनी विश्वकर्मा व अन्य राज्य/स्थानीय महिला कलाकारों, बच्चों द्वारा भी प्रस्तुति दी जाएगी। निजी फर्म/संस्था द्वारा लगाए जाएंगे स्टॉल, न्यूनतम शर्तों का करना होगा।


# कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

**निविदा सूचना**

**क्र./वाहन/न.नि./2024/800/479** — **भिलाई, दिनांक 05/03/2024**

आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई की ओर से निर्मात्री संस्थान/अधिकृत संधारणकर्ता/स्थानीय संधारकर्ता से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन नियत तिथि को सायं 5.30 बजे तक इस कार्यालय में आवेदन के साथ निर्धारित राशि नगद जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

1. **निविदा जारी करने की तिथि - दिनांक 05/03/2024**
2. **आवेदन की अंतिम तिथि - दिनांक 26/03/2024 सायं 5.30 बजे तक**
3. **निविदा प्राप्ति की तिथि - दिनांक 01/04/2024 सायं 5.30 बजे तक**
4. **निविदा खोले जाने की तिथि - दिनांक 02/04/2024**

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत (रुपये में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | फार्म |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाहन क्र. 2DX-5929(जे.सी.बी.) का संधारण कार्य | 1,48,875.00 | 2,000.00 | 300.00 | 15 दिन | फार्म-बी |

**नियम एवं शर्ते :-** (1) सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। (2) निविदा स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक से वाहन शाखा, भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के पास, कोसा नगर, भिलाई 490020 में स्वीकार किये जावेंगे। (3) धरोहर राशि एफ.डी.आर. के रुप में कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई एवं संबंधित एजेंसी/संधारणकर्ता के नाम से किसी शासकिय बैंक से जारी/जमा करना होगा तथा जी.एस.टी. प्रमाण पत्र एवं पेनकार्ड की स्व हस्ताक्षरित छायाप्रति लिफाफा 'क' में प्रस्तुत करना है एवं निविदा प्रपत्र दर सहित लिफाफा 'ख' में प्रस्तुत करना होगा। (4) सम्पूर्ण निविदा अथवा किसी अंश को स्वीकृत करने अथवा न करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा। (5) समस्त कर सहित दरें प्रस्तुत करना होगा। (6) यदि निगम द्वारा निर्धारित निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि निविदा खोलने की तिथि को किसी अपरिहार्य कारणवश अवकाश घोषित होता है तो ऐसी स्थिति में अंतिम तिथि/खोलने की तिथि आगामी कार्य दिवस को माना जावेगा। (7) न्यूनतम दरे आयटम दर में स्वीकार की जावेंगी (8) अन्य नियम शर्तों एवं मापदण्ड की जानकारी कार्यपालन अभियंता (वाहन) के कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की बेबसाईट www.bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.com एवं चिप्स की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**

## एक नजर

### विजय जाडेजा बने अध्यक्ष



रायपुर, 7 मार्च। महावीर हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रबंध समिति महावीर शिक्षाप्रसार समिति, गुढ़ियारी के चुनाव में विजय सिंह जाडेजा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। कार्यकारिणी इस प्रकार है। उपाध्यक्ष सत्यनारायण काबरा, सचिव अरुण राठी, सह सचिव पंकज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष पुंगलिया, कार्यकारिणी सदस्य विजय राठी, किशन केडिया, विनोद अग्रवाल, महेशचन्द्र शर्मा व निर्मल खेमका।

### दुकान में अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग लाखों का सामान जलकर खाक

रायपुर, 7 मार्च। काठाडीह स्थित डेली निड्स दुकान में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दिया। जिससे दुकान में रखे करीब 1 लाख का सामान जलकर खाक हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी होमनाथ साहू 22 वर्ष काठाडीह मुजगहन का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह काठाडीह में डेली निड्स दुकान चलाता है। 29 फ़रवरी से 1 मार्च के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान में आग लगा दिया। जिससे दुकान में रखे टेबल, कुर्सी, फ्रिज व अन्य सामान जलकर खाक हो गया। जिससे प्रार्थी को करीब 1 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर सेजबहार पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 436 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से सोने-चांदी के जेवर पार

रायपुर, 7 मार्च। सुंदर विहार कालोनी महादेव घाट रायपुरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रकांत चौधरी 42 वर्ष सुंदर विहार कालोनी महादेवघाट रायपुरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने 4 से 6 मार्च के मध्य प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफधारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### देश के 130 करोड़ देशवासियों के लिए मोदी जी हैं: शाह

रायपुर, 7 मार्च। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को महाराष्ट्र के जलगाँव में युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि नए भारत का निर्माण करने वाले मोदी जी के खिलाफजो घमंडिया गठबंधन एकजुट होने का नाटक कर रही है, उनकी सच्चाई यह है कि जिस गठबंधन के अंदर खुद लोकतंत्र नहीं है वो देश में लोकतंत्र क्या स्थापित करेगी। मोदी जी के विरुद्ध घमंडिया गठबंधन का एक ही लक्ष्य है कि सोनिया गांधी को राहुल को पीएम बनाना है, शरद पवार को बेटी को मुख्यमंत्री बनाना है, उद्धव ठाकरे को आदित्य ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाना है, ममता दीदी को भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना है और स्टालिन को अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। अब यहाँ फ़र्क साफहै कि देश की जनता के लिए कुछ नहीं बचा। ऐसे में यह भी स्पष्ट है कि युवाओं के भविष्य और विकसित देश के लिए नरेन्द्र मोदी हैं।

### हर दिन महिलाओं का सशक्तिकरण

रायपुर, 7 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अमृतांजन हेल्थ केयर लिमिटेड ने अपने अभियान पावरटूबीयू के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। तेज़ी से वृद्धि दर्ज करते मासिक धर्म स्वच्छता ब्रांड, अमृतांजन कॉम्फी द्वारा शुरू किया गया अभियान, भारत में मासिक धर्म से जुड़ी गरीबी को दूर करने का प्रयास करता है और इसका उद्देश्य यह संदेश फैलाना है कि हर महिला को अपने मासिक धर्म से सम्मान और आत्मविश्वास के साथ निपटने का अधिकार है। पावरटूबीयू का लक्ष्य है, किफ़ायती और उच्च गुणवत्ता वाले मासिक धर्म स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच प्रदान कर महिलाओं को सशक्त बनाकर समाज में बदलाव लाना है। अमृतांजन कॉम्फी शिक्षा प्रदान कर, जागरूकता बढ़ाकर और आवश्यक उत्पादों तक पहुंच को बढ़ावा देकर, सभी महिलाओं के लिए एक स्वस्थ और अपेक्षाकृत अधिक न्यायसंगत भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को बनाएं यादगार

रायपुर, 7 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस यानि 8 मार्च 2024 की तारीख बस आने ही वाली है। यह एक बेहद खास मौका है जब आप अपनी सभी महिला कर्मचारियों को साल भर उनके अथक प्रयासों के लिए कुछ विशेष उपहार दे सकते हैं। अपने संगठन में महिला कर्मचारियों के प्रयासों का जश्न मनाने और इस दिन को खास बनाने के लिए, अब आप अमेजन बिजनेस पर महिला दिवस गिफ्ट स्टोरफ्रंट पर जा सकते हैं। यह स्टोर खासतौर पर आपको अपनी महिला कर्मचारियों के लिए सबसे बेहतरीन गिफ्ट सबसे किफ़ायती दरों पर और थोक में खरीदने में मदद करेगा.

# प्रदेश के जिला कोषालयों में करोड़ों के बिल जमा

## अंतर्विभागीय राशि लेन-देन, 15 तक खोला गया सर्वर

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 7 मार्च। अंतिम वित्तीय माह में वित्त विभाग ने विभिन्न विभागों के शीर्ष मद (हेड अकाउंट) में धनराशि का स्थानांतरण करने के लिए सर्वर का लॉक 15 मार्च तक खोल दिया है। सरकार के लोक निर्माण, सिंचाई, वन विभाग, पंचायत सहित अन्य विभागों द्वारा करोड़ों की राशि अंतरित की जा रही है। इधर जिला कोषालयों में भी मार्च अंतिम वित्तीय माह होने के कारण बड़ी संख्या में बिल लगाए गए हैं। एक अनुमान के अनुसार 100 करोड़ से भी अधिक की राशि शासकीय मदों से निकाली जाएगी।

वित्त विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अंतिम वित्तीय माह होने के कारण विभिन्न जिला मुख्यालयों से लेकर संचालनालय स्तर तक बजट में आबंटित राशि के आधार पर बिल लगाए जा रहे हैं। सरकारी कार्यालयों में इस समय विभिन्न मदों के लिए बिल स्वीकृत किए जा रहे हैं जिसे बजट शाखा द्वारा पास कर दिया जाता है। पहले के वित्त सचिव ने सरकारी खेल को



### जिला से लेकर संचालनालय तक बिल के देयकों के लिए लगी कतार

समझते हुए समयबद्ध पैसा निकालने के दिशा-निर्देश दिए थे लेकिन अब अंतिम वित्तीय माह में ही सभी राशियां निकाली जाती है। सबसे ज्यादा राशि अधिकारियों के मकानों के रिनोवेशन, कारों की मरम्मत, स्टेशनरी खरीदी तथा अन्य निर्माण कार्यों के लिए निकाली जा रही है। विभिन्न विश्वविद्यालयों में लंबित राशि को निकालने के लिए यलो नोटशीट चलाई जा रही है। इसके आधार पर राशि निकाली जाएगी।

वित्त विभाग के अनुसार फरवरी के अंतिम सप्ताह में ही सभी विभागों में खरीदी-बिक्री बंद कर दी गई थी लेकिन विस सत्र होने के कारण अब शीर्ष मद का सर्वर लॉक खोल दिया गया है ताकि सभी विभाग अपने-अपने देयकों को पूर्ण कर सके। नए नियम के अनुसार यह राशि लैप्स नहीं होती है लेकिन अगले बजट में इसे समायोजित कर दिया जाता है। इसे निकालने में भारी परेशानी होती है। वित्त विभाग के समक्ष इस समय लोक निर्माण, सिंचाई, वन तथा अन्य विभागों ने एक बड़ी राशि अंतरित करने के लिए पत्र लिखा है। वर्तमान में 35 से अधिक जिला कोषालय हैं। यहां पर भी बड़ी संख्या में बिल लगाए गए हैं। स्वास्थ्य, पंचायत, आदिम जाति विभाग में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं की राशि निकालने के लिए भारी प्रयास किए जा रहे हैं। शासकीय कार्यालयों में इस समय बिल लगाकर इसे पारित करने का खेल चल रहा है। अंतिम वित्तीय माह होने के कारण कोषालयों में भी विभिन्न शीर्ष मदों से राशि निकालने के लिए उठापटक चल रही है। समझा जाता है कि स्टेट बैंक सहित अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों से जमा राशि निकालने के लिए भी उच्च स्तरीय प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रदर्शन




रायपुर,7 मार्च। एसबीआई कार्यालय के बाहर आज कांग्रेस ने फिर प्रदर्शन किया। चुनावी बॉन्ड की जानकारी छिपाने के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ ये प्रदर्शन किया गया।

### अधोसंरचना विकास के लिए नगरीय निकायों को 56.23 करोड़ आबंटित

रायपुर, 7 मार्च। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अधोसंरचना विकास के लिए प्रदेश के 30 नगरीय निकायों को कुल 56 करोड़ 23 लाख 19 हजार रुपए जारी किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने अधोसंरचना मद से नगरीय निकायों को ये राशि आबंटित की है। विभाग ने राज्य के छह नगर निगमों के लिए 20 करोड़ चार लाख 94 हजार रुपए, चार नगर पालिकाओं के लिए सात करोड़ 61 लाख आठ हजार रुपए और 20 नगर पंचायतों के लिए 28 करोड़ 57 लाख 17 हजार रुपए जारी किए हैं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए रायपुर नगर निगम के लिए 26 लाख रुपए, रिसाली नगर निगम के लिए पांच करोड़ रुपए, बिलासपुर नगर निगम के लिए चार करोड़ छह लाख 96 हजार रुपए, रायगढ़ नगर निगम के लिए एक करोड़ 38 लाख 30 हजार रुपए, अंबिकापुर नगर निगम के लिए दो करोड़ 84 लाख 38 हजार रुपए और चिरमिरी नगर निगम के लिए छह करोड़ 49 लाख 30 हजार रुपए आबंटित किए हैं। विभाग द्वारा अहिवारा नगर पालिका के लिए तीन करोड़ नौ लाख आठ हजार रुपए, बेमेतरा नगर पालिका के लिए दो करोड़ 55 लाख रुपए, सक्ती नगर पालिका के लिए एक करोड़ 87 लाख रुपए एवं मनेंद्रगढ़ नगर पालिका के लिए दस लाख रुपए की राशि जारी की गई है।

## मोदी सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण की दिशा में प्रयत्नशील: बजाज

रायपुर, 7 मार्च। प. बंगाल की धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 मार्च को 'नारी शक्ति वंदन अभियान' का शंखनाद किया। देश भर की लाखों स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने वर्चुअली जुड़ कर पीएम का संबोधन सुना। रायपुर लोकसभा के अंतर्गत अभनपुर विधानसभा के खोरपा मंडल में एलईडी की व्यवस्था की गई थी जहाँ सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित लोकसभा संयोजक व जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व सशक्तिकरण की



दिशा में निरंतर प्रयत्नशील है। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। छत्तीसगढ़ की विष्णदेव सरकार मोदी की गारंटी के तहत महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पंजीकृत महिलाओं को हर माह एक हजार रुपये प्रदान करने जा रही है। इस योजना से छत्तीसगढ़ की नारीशक्ति और सबल होगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला, मंडल अध्यक्ष पारसमणी साहू, राघवेंद्र साहू, महामंत्री नेहरू लाल साहू , माधो प्रसाद मिरी, बिहारी साहू, राजेश्वरी चंद्राकर, खेलू राम साहू , लक्ष्य कुमार साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष देवकी साहू, मनीष साहू, हरिश्चंद्र साहू, संध्या नामदेव, रेखा बघेल आदि उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर राजधानी में होंगे अनेक कार्यक्रम

### राजिम के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं धर्मस्व मंत्री होंगे शामिल

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 7 मार्च। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर राजिम कुंभ कल्प में मुख्यमंत्री, धर्मस्व मंत्री सहित अन्य कैबिनेट मंत्री राजिम के कुलेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-पाठ करेंगे। राजधानी के हटकेश्वर सहित अन्य मंदिरों को भी शिवरात्रि के पावन पर्व पर आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

संस्कृति विभाग से मली जानकारी के अनुसार राजिम में कल्प कुंभ मेला चल रहा है जिसमें लाखों की संख्या में लोग आ रहे हैं। इस मेले में छग के अलावा अन्य प्रदेशों से भी लोग आ रहे हैं। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सहित




अन्य कैबिनेट मंत्री शामिल होंगे। 9 मई को होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल होंगे। भाजपा ने सत्ता में आते ही इस मेले का आयोजन किया है जिसमें स्थानीय कलाकारों के अलावा सुप्रसिद्ध प्रवचनकारों को भी बुलाया गया है।

राजधानी के हटकेश्वर, बूढ़ेश्वर एवं नील कंठेश्वर सहित अन्य मंदिरों में महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष साज-सज्जा की जा रही है। बूढ़ेश्वर मंदिर में निर्माण कार्य चल रहा है। इसके चलते यहां पर सामने बैठे फूल वालों को भी हटा दिया गया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर बेलपत्र खरीदने वालों को काफी परेशानी हो रही है। राजधानी में बेलपत्र आसानी से नहीं मिल पा रहा है। फूल वालों का कहना है कि इसके लिए दूरदराज क्षेत्रों से बेलपत्र लाना पड़ता है। चौबे कालोनी स्थित चिंताहरण मंदिर, समता कालोनी एवं जवाहर नगर, स्टेशन रोड, टिकरापारा के नीलकंठेश्वर मंदिर में भी शिवरात्रि के अवसर पर अनेक कार्यक्रम होंगे। अनेक स्थानों पर महाशिवरात्रि पर आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी।

### अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में आडियोलॉजिकल कक्ष का शुभारंभ

## जरूरतमंद बच्चों की सेवा का सर्वोत्तम उदाहरण है यह संस्था : नटकर्णी

रायपुर, 7 मार्च। मूक-बधिर बच्चों की सेवा व उनको सुविधा देने की दिशा में अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल ने एक और उपलब्धि हासिल की है। स्कूल परिसर में जना बैंक के सहयोग से आडियोलॉजिकल कक्ष का शुभारंभ किया गया है। इसका उद्घाटन जना बैंक के मध्य क्षेत्र आंचलिक प्रमुख यतिंदर नटकर्णी ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस कक्ष में सात लाख रुपए की अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्कूल के निदेशक तथा जाने माने आडियोलाजिस्ट डॉ. राकेश पांडेय ने बताया कि इस मशीनों की स्थापना से मूक-बधिर बच्चों की बारीकी से जांच व उपचार में बड़ी मदद मिलेगी। इन मशीनों के जरिए कान के अंदर की खामियों का पता लगाकर सही इलाज किया जा सकेगा जिससे बच्चे सुनने व बोलने लगेंगे। सुप्रसिद्ध स्पीचथेरेपी विशेषज्ञ डॉ. रुचिरा पांडेय ने बताया कि ये मशीनें मूक-बधिर बच्चों के उपचार के मामले में वरदान है। इससे चरणबद्ध तरीके से जांच की जा सकेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व महापौर व नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने जना बैंक को धन्यवाद देते हुए कहा कि इन बच्चों की सेवा सही मायने में ईश्वर की सेवा है। दुबे ने बताया कि इन बच्चों को साक्षर बनाना या उच्च शिक्षित करना ही उद्देश्य नहीं है इनका कौशल विकास कर इन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यतिंदर नटकर्णी ने स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि जरूरतमंद बच्चों की सेवा का यह संस्था सर्वोत्तम उदाहरण है। स्कूल में बच्चों को उनकी ही भाषा में आला दर्जे की शिक्षा व कौशल विकास पाठ्यक्रम का संचालन सराहनीय है। इस पुण्य कार्य में जना बैंक सदा सहभागी रहेगा। संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने स्कूल की गतिविधियों की जानकारी देते हुए स्वागत भाषण दिया। मूक-बधिर बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। इस अवसर पर बैंक के रिजनल हेड सचिन अवस्थी, ब्रांच हेड राहुल, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट व एरिया हेड प्रदीप गिरी, शिक्षाविद् जवाहर सुरी शेट्टी, समाज कल्याण विभाग के सेवानिवृत्त अतिरिक्त संचालक प्रदीप तिवारी, संस्था के कोषाध्यक्ष धनंजय त्रिपाठी, मृत्युंजय दुबे, प्राचार्य कमलेश शुक्ला आदि मौजूद थे। आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन क्वार्डिनेटर सीमा छाबड़ा ने किया। ज्ञात हो कि इस स्कूल का संचालन अर्पण कल्याण समिति द्वारा सेक्टर 1, न्यू राजेन्द्र नगर बजाज कालोनी में किया जा रहा है।

### स्कोडा ऑटो ने भारत के लिए ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा की

रायपुर, 7 मार्च। स्कोडा ऑटो इंडिया ने ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए अपनी नई योजनाओं की घोषणा की। इस एसयूवी को 2025 की पहली छमाही में भारत में लॉन्च किया जाएगा। यह कंपनी का तीसरा मेड-फॉर-इंडिया प्रोडक्ट होगा। यह नई कार कुशाक और स्लाविया की तरह स्त्क्र-0-ब्ढ्ढ प्लेटफॉर्म पर आधारित होगी। इस नए लॉन्?च के साथ, स्कोडा ऑटो इंडिया 2026 तक साल भर में 100,000 कारों की बिक्री के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। स्कोडा ऑटो ए. एस के सीईओ क्लॉस ज़ेल्मर ने इस घोषणा के बारे में कहा, पूरी दुनिया में स्कोडा ऑटो के विकास के लिए भारत बहुत महत्?वपूर्ण बाजार है। भारत अपनी बाजार की जबर्दस्त ताकत के साथ दुनिया भर के अन्य देशों के बाजारों में स्कोडा ऑटो के विस्तार के लिए विकास और निर्माण का आधार भी है। इन देशों में आसियान और मध्यपूर्व के देश भी शामिल हैं।

## कार्य में लापरवाही, दो श्रम अधिकारी निलंबित

रायपुर, 7 मार्च। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने आज विभागीय कामकाज की समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही बरतने के कारण दुर्ग जिले के श्रम निरीक्षक अमित चिराग और जांजगीर-चांपा जिले के श्रम उप निरीक्षक कैलाश साहू को तत्काल निलंबित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में श्रमायुक्त एवं सहसचिव श्रीमती अलरमेल मंगई डी, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की सचिव श्रीमती सविता मिश्रा, अपर श्रम आयुक्त एस.एल. जांगड़े सहित जिलों से आए श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री देवांगन ने समीक्षा के दौरान शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत दुर्ग जिले के ग्राम अमलेश्वर में संचालित भोजन केन्द्र बिना सूचना के बंद पाये जाने और केन्द्र बंद होने की सूचना नहीं देने संबंधी अनियमितता के कारण भोजन केन्द्र निरीक्षण हेतु अधिकृत श्रम निरीक्षक अमित चिराग को तत्काल निलंबित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के तहत् जिला जांजगीर-चांपा में निर्माण श्रमिकों से प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण किये बिना योजना आवेदन को स्वीकृत करने की अनुशंसा के कारण अपात्र हितग्राहियों को देय राशि की वसूली से शासन की छवि खराब होने और गलत अनुशंसा करने के कारण संबधित श्रम उप निरीक्षक कैलाश साहू को तत्काल निलंबित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मंत्री देवांगन ने छत्तीसगढ राज्य में संचालित कारखानों में औद्योगिक दुर्घटना को नियंत्रित करने एवं श्रमिकों को व्यवसायजन्य बीमारियों से सुरक्षित करने हेतु निर्धारित मापदण्डों का पालन करवाने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिये गये।

### शिक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने 15 सदस्यीय स्पेशल टॉस्क फोर्स बनाने की दी सलाह

## नई शिक्षा नीति से गुणवत्तापूर्ण शिक्षायुक्त मानव क्षमता होगी विकसित: बृजमोहन

रायपुर, 7 मार्च। छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आज राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर एक दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। मंत्री अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी के विशेष सहयोग से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न होने जा रहा है, तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा कार्य करने की सुदृढ़ नींव स्थापित हो रही है। केन्द्रीय शासन एवं मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा घोषित राष्ट्रीय



शिक्षा नीति-2020 छत्तीसगढ़ प्रदेश के उच्च शिक्षा में लागू करने की दृढ़ संकल्पित योजना के क्रियान्वयन की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर प्रदेश के युवाओं के स्वर्णिम भविष्य निर्माण होगा, जो प्रदेश शासन का लक्ष्य है। जहाँ नई शिक्षा नीति द्वारा युवाओं में कौशल विकास, शोध एवं नवाचार में विकास कर उन्हे स्वावलंबन बनाना हमारा संकल्प है। प्रदेश के ऑटोनामस महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विगत सत्रों से लागू किया जा चुका है। जिसके सफलतापूर्वक संचालन से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे है। आगामी सत्रों से प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चरणबद्ध योजनांतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू किया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।

जिससे प्रदेश के उच्च शिक्षा में विकास करते हुए, उत्कृष्ट शिक्षा स्थापित किया जा सकेगा तथा प्रदेश के युवाओं का बेहतर भविष्य निर्मित किया जा सकेगा। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को राज्य में लागू करने के लिए 15 सदस्यीय स्पेशल टॉस्क फोर्स बनाने की सलाह दी। शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू किये जाने से युवाओं में तार्किक क्षमता संवर्धन के साथ उनका सर्वांगीण विकास होगा। एनईपी में प्रावधानित एकाधिक प्रवेश एवं एकाधिक निकास की सुविधा से युवाओं को परिस्थिति एवं आवश्यकतानुसार उच्च शिक्षा प्राप्त करने का विकल्प मिलेगा। ग्रेड आधारित निरंतर मूल्यांकन जिसमें एक अहम हिस्सा आंतरिक मूल्यांकन के होने से विद्यार्थियों को अंतिम परीक्षा के तनाव से मुक्ति मिलेगी, जो सकल दर्ज अनुपात संवर्धन हेतु प्रभावशाली भी होगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26